Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक

गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच

RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्षः 6 अंकः 05 | रविवार, 05 जनवरी -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## आज भारत दौरे पर आएंगे अमेरिकी एनएसए सुलिवन



**नई दिल्ली।**

अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जैक सुलिवन पांच और छह जनवरी को भारत की यात्रा पर आएंगे। इस दौरान वह अपने भारतीय समकक्ष अजीत डोभाल और विदेश मंत्री एस जयशंकर समेत अन्य शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। बाइडन प्रशासन के किसी वरिष्ठ पदाधिकारी का यह आखिरी भारत दौरा है। अमेरिकी एनएसए की भारत यात्रा के दौरान विभिन्न मसलों समेत चीनी बांधों पर भी चर्चा होगी।

कई मुद्दों पर बातचीत करेंगे सुलिवन व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने बताया कि सुलिवन की यात्रा का मुख्य उद्देश्य भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करना है। इस दौरान अंतरिक्ष, रक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रणनीतिक प्रौद्योगिकी सहयोग से लेकर हिंद-प्रशांत और उससे आगे साझा सुरक्षा प्राथमिकताओं पर विस्तार से चर्चा होगी।

बता दें कि पिछले दिनों ही चीन ने तिब्बत में यारलुंग जांगबो नदी (ब्रह्मपुत्र नदी का चीनी नाम) पर विश्व के सबसे बड़े बांध के निर्माण को मंजूरी दी थी। यह परियोजना भारतीय सीमा के निकट तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी पर बनेगी। ऐसे में भारत ने चीन को नदी के निचले इलाकों में बांध से उत्पन्न खतरों के बारे में अवगत करा दिया है। तिब्बत के बाद ब्रह्मपुत्र नदी अरुणाचल प्रदेश से होते हुए भारत में प्रवेश करती है और बंगाल की खाड़ी में मिलने से पहले असम और बांग्लादेश से होकर गुजरती है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने भी कहा था कि तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी पर चीनी बांध के निर्माण से असम में नदी के पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान पहुंचेगा।यात्रा के दौरान सुलिवन आइआइटी दिल्ली में भारत-केंद्रित विदेश नीति पर भाषण भी देंगे।

## भिवंडी में धीरेन्द्र शास्त्री के कार्यक्रम में मची भगदड़, कई महिलाएं हो गईं घायल

**मुंबई।**

महाराष्ट्र के भिवंडी में बागेश्वर धाम के धीरेन्द्र शास्त्री के कार्यक्रम में अचानक भगदड़ मच गई। बाबा की भभूति पाने के लिए अचानक लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। जिसके कारण वहां अफरातफरी की स्थिति पैदा हो गई। जिसके चलते पुलिस को लाठीचार्ज भी करना पड़ा।



ठाणे जिले के भिवंडी में बागेश्वर धाम के धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के कार्यक्रम में शनिवार को भगदड़ मच गई, जिससे कई महिलाएं घायल हो गईं। धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का कार्यक्रम में भभूति पाने की होड़ में भीड़ बेकाबू हो गई। अफरा-तफरी की स्थिति पैदा होने पर धीरेन्द्र शास्त्री मंच से उठकर चले गए। वहीं, भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। गनीमत रही कि घायल महिलाओं को मामूली चोटें आई हैं और इस दौरान कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। जानकारी के अनुसार, भिवंडी के मानकोली नाके के पास स्थित इंडियन ऑयल कंपनी परिसर में धीरेंद्र शास्त्री का प्रवचन कार्यक्रम आयोजित किया गया था। उन्होंने कथा के बाद लोगों को एक-एक कर भभूति के लिए मंच की ओर बुलाया।

## घर से देखकर निकलें

# कोहरे के कारण बढ़ रहीं दुर्घटनाएं अब तक नौ की मौत, कई घायल

- घने कोहरे व तेज रफ्तार के कारण तीन सड़क हादसे
- सड़क हादसों में 14 वाहन भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त
- घने कोहरे के कारण एक कार खड़े ट्रेलर में पीछे से घुस गई

**नई दिल्ली।**

शनिवार को घने कोहरे के कारण सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आए। वहीं बेहद कम दृश्यता होने की वजह से कई जगहों पर सड़क दुर्घटनाएं भी हुईं, जिसमें नौ लोगों की मौत हो गई जबकि दर्जनों लोग घायल हो गए। यह हादसे उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा में हुए। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया है। हरियाणा की बात करें तो यहां तीन अलग-अलग स्थानों पर हादसे हुए।



गुरुग्राम में कोहरे के कारण शनिवार तड़के तीन बजे वाटिका चौक अंडरपास में बाइक सवार युवक की मृत्यु अज्ञात वाहन की टक्कर से हो गई। मृत युवक की पहचान उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के ओपीएस नगर निवासी शुभम त्रिपाठी के रूप में की गई है। नूंह में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर घने कोहरे व तेज रफ्तार के कारण तीन सड़क हादसे हुए। इनमें एक व्यक्ति की जान चली गई और कई घायल हो गए। इन सड़क हादसों में 14 वाहन भी बुरी तरह क्षतिगस्त हो गए। सोनीपत में कोहरे के कारण एनएच-44 पर बीसवां मील के पास एक कार, ट्रक के नीचे घुस गई। हादसे में कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार महिलाएं घायल हो गई। वहीं पंजाब में चार जगहों पर कोहरे के कारण हुए सड़क हादसों में तीन महिलाओं सहित चार लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि 40 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। बरनाला में बठिंडा से हरियाणा के टोहाना में हो रही किसान महापंचायत में शामिल होने जा रही बस के दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस कारण उसमें सवार तीन महिलाओं की मौत हो गई एवं 34 लोग घायल हो गए। उप्र में हाइवे और एक्सप्रेसवे पर हुए हादसे में दो की मौत उत्तर प्रदेश में आगरा-जयपुर हाइवे पर शुक्रवार देर रात कोहरे के कारण बड़ा हादसा हुआ। महुअर पुल के नीचे आगे चल रहे ट्रेलर में नेपाल जा रही निजी बस टकराई फिर उसके पीछे एक मैक्स गाड़ी भी भिड़ गई। हादसे में बस में सवार 50 वर्षीय व्यक्ति की मृत्यु हो गई। जबकि बस में सवार 40 लोग घायल हो गए। मैक्स चला रहे चालक और क्लीनर को केबिन काट कर निकाला गया। इलाज के लिए उन्हें एसएन मेडिकल कॉलेज भेजा गया। उधर आजमगढ़ में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर मुबारकपुर के पास शनिवार तड़के तीन बजे घने कोहरे के कारण एक कार खड़े ट्रेलर में पीछे से घुस गई। हादसे में कार सवार युवक की मौत हो गई जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए।

### ठंड के कारण मूर्छित हुई छात्राएं

उधर बिहार के शेखपुरा में अत्यधिक ठंड के कारण बरबीघा प्रखंड के कुटौत उच्च विद्यालय में दर्जन भर छात्राएं मूर्छित हो गईं। स्कूल में कड़ाके की ठंड के बीच खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा था। शनिवार को जिले में न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस था। मूर्छित हुई छात्राओं को तत्काल अस्पताल इलाज के लिए भेजा गया।

## दिल्ली के चारों ओर दौड़ेगी नमो भारत

**नई दिल्ली।**

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली को एनसीआर के प्रमुख शहरों से जोड़ने के लिए रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

आरआरटीएस को दिल्ली के चारों और के शहरों से जोड़ा जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को नमो भारत के साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर तक के सेक्शन का शुभारंभ करेंगे। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली को एनसीआर के प्रमुख शहरों से जोड़ने के लिए रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। आरआरटीएस को दिल्ली के चारों और के शहरों से जोड़ा जाएगा। इससे न केवल लोगों के समय की बचत होगी, बल्कि दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण में भी राहत मिलेगी। एनसीआर से दिल्ली में रोजाना आवाजाही करने वाले लोगों के लिए यह किसी वरदान से कम नहीं होगा। मौजूदा समय में आरआरटीएस के फेज-1 में तीन कॉरिडोर प्रस्तावित हैं। इसमें से दिल्ली-मरेठ कॉरिडोर का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। शेष दो दिल्ली-अलवर और दिल्ली पानीपत कॉरिडोर पर भी जल्द काम शुरू होगा। वहीं, फेज-दो में पांच कॉरिडोर प्रस्तावित हैं।



### 291 किमी की लंबाई के होंगे तीन कॉरिडोर

दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर 82.15 किलोमीटर लंबा है। दिल्ली के हिस्से में 14 किलोमीटर तो यूपी के हिस्से में करीब 68 किलोमीटर है। फेज-1 में प्रस्तावित दो अन्य कॉरिडोर दिल्ली से पानीपत कॉरिडोर की लंबाई 103.02 किमी, जबकि अलवर और सराय काले खां के बीच के कॉरिडोर की लंबाई 106 किमी है। दिल्ली से पानीपत और अलवर के कॉरिडोर का निर्माण होने के बाद दिल्ली-एनसीआर में आरआरटीएस के सभी कॉरिडोर की कुल लंबाई 291 किमी से अधिक होगी।

## महाकुंभ मेला को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** 13 जनवरी से प्रयागराज में महाकुंभ का मेला शुरू होना है। इस बीच सोशल मीडिया पर एक शख्स ने महाकुंभ मेला को बम से उड़ाने की धमकी भरा मैसेज पोस्ट किया। अब उत्तर प्रदेश की पुलिस ने बिहार में बड़ा खुलासा किया है।




पूर्णिया जिले से यूपी पुलिस ने प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ मेला को उड़ाने की धमकी देने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान आयुष कुमार जायसवाल के रूप में की गई है, जिसने सोशल मीडिया पर नासिर पठान के नाम से यह धमकी दी थी। यूपी पुलिस ने पूर्णिया जिले के भवानीपुर पुलिस के सहयोग से आयुष कुमार जायसवाल को भवानीपुर के शहीदगंज से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आयुष कुमार जायसवाल के खिलाफ यूपी के प्रयागराज में मामला दर्ज किया गया था और उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगी हुई थी। गिरफ्तार आयुष कुमार जायसवाल भवानीपुर के शहीदगंज पंचायत अंतर्गत वार्ड 4 निवासी जय किशोर जायसवाल का पुत्र है।

## दाल-अनाज की खपत पांच फीसदी घटी

**नई दिल्ली।**

पिछले 12 वर्षों में भारतीय परिवारों की खर्च प्राथमिकता में काफी बदलाव आया है। नतीजतन, ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में दालों और अनाज की खपत पांच फीसदी से अधिक घटी है। एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट बताती है कि लोग खाद्य के बजाय गैर-खाद्य पदार्थों पर ज्यादा खर्च कर रहे हैं। रिपोर्ट में सामने आए रुझान दशार्ते हैं कि भारतीय परिवारों को पोषक खानपान के बजाय साफ-सफाई और खूबसूरत दिखने के सौंदर्य प्रसाधनों पर खर्च करना ज्यादा पसंद आ रहा है। कपड़ों, जूतों जैसी चीजों पर खर्च करने में भी कमी आई है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह रुझान आर्थिक विकास और जीवनशैली में बदलाव के कारण प्राथमिकताओं में आए बदलाव को दशार्ता है। शहरों के मुकाबले गांव ज्यादा तेजी से बदले शहरी क्षेत्रों के मुकाबले ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य पदार्थों पर व्यय ज्यादा तेजी से घटा है। पिछले 12 वर्षों के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में 5.86 फीसदी अंकों की गिरावट दर्ज की गई, जबकि शहरी क्षेत्र में यह आंकड़ा 2.94 फीसदी रहा। वहीं, गैर-खाद्य पदार्थों की बात करें तो ग्रामीण क्षेत्र में इस पर खर्च 5.86 फीसदी बढ़ा है, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह वृद्धि 2.94 फीसदी रही।



## जापानी पार्क में परिवर्तन रैली आज, पीएम मोदी देंगे कई सौगात

**नई दिल्ली।**

रैली के माध्यम से प्रदेश के पीएम लोगों को कई सौगातें भी देंगे। इस पार्क से उन्होंने लोकसभा चुनाव में भी प्रचार की शुरूआत की थी। प्रदेश भाजपा को मजबूती देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को विधानसभा चुनाव का शंखनाद जापानी पार्क से करेंगे। रैली के माध्यम से प्रदेश के पीएम लोगों को कई सौगातें भी देंगे।



इस पार्क से उन्होंने लोकसभा चुनाव में भी प्रचार की शुरूआत की थी। पीएम नमो भारत ट्रेन के साहिबाबाद-न्यू अशोक नगर सेक्शन का उद्घाटन करेंगे। वे साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर तक नमो भारत ट्रेन में यात्रा भी करेंगे। इसके के अलावा दिल्ली मेट्रो फेज-4 के जनकपुरी पश्चिम-कृष्णा पार्क के बीच करीब 1,200 करोड़ रुपये की लागत वाले दो किमी लंबे हिस्से का उद्घाटन करेंगे। इससे पश्चिमी दिल्ली के कृष्णा पार्क, विकासपुरी और जनकपुरी के लोगों को फायदा मिलेगा। इसके अलावा करीब 26 किलोमीटर लंबे रिठाला-कुंडली खंड की आधारशिला भी रखेंगे। यह कॉरिडोर रिठाला को हरियाणा के नाथूपुर (कुंडली) से जोड़ेगा। वहीं, रोहिणी में केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान (सीएआरआई) के नए अत्याधुनिक भवन की आधारशिला भी रखेंगे। इसका निर्माण करीब 185 करोड़ रुपये की लागत से होगा। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने बताया कि जनकपुरी पश्चिम से कृष्णा पार्क के प्रोजेक्ट स्वीकृति को केजरीवाल सरकार ने दो साल तक लंबित रखा था। प्रधानमंत्री 4500 करोड़ रुपये के विकास की सौगात भी दिल्ली वालों को देंगे।

दिल्ली स्थित आईजीआई एयरपोर्ट समेत उत्तर भारत के 10 प्रमुख हवाई अड्डों पर सुबह के वक्त दृश्यता शून्य होने से उड़ानें प्रभावित हुईं

## घने कोहरे से उत्तर भारत में थमा जन-जीवन, कई उड़ानें रद

**नई दिल्ली।** पश्चिमी विक्षोभ के असर से शनिवार सुबह दिल्ली समेत उत्तर भारत के कई राज्य घने कोहरे की चपेट में रहे। बेहद कम दृश्यता होने के कारण हवाई, रेल और सड़क यातायात बुरी तरह से प्रभावित हो गया। दिल्ली स्थित आईजीआई एयरपोर्ट समेत उत्तर भारत के 10 प्रमुख हवाई अड्डों पर सुबह के वक्त दृश्यता शून्य होने से उड़ानें प्रभावित हुईं।

दिल्ली के साथ हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान जैसे राज्यों में ठंड के साथ घने कोहरे के कारण आम जनजीवन ठहर सा गया। मौसम विभाग ने दिल्ली में रविवार को भी घने कोहरा होने का अनुमान लगाया है। उत्तर भारत के कई और राज्यों में भी अगले 24 घंटे घना कोहरा होने की संभावना है। घने कोहरे के कारण शनिवार सुबह उत्तर भारत में स्थित दस एयरपोर्ट आईजीआई, सफदरजंग, हिंडन, श्रीनगर, अमृतसर, आगरा, लखनऊ, पठानकोट, चंडीगढ़ व ग्वालियर के पास न्यूनतम दृश्यता शून्य रही। इन एयरपोर्ट पर कई उड़ानें भी प्रभावित रहीं। आईजीआई एयरपोर्ट पर इस सीजन में सबसे अधिक नौ घंटे तक घना कोहरा रहने से दृश्यता शून्य रही। इस वजह से 45 उड़ानें रद हुईं। 19 डायवर्ट की गईं और 500 विलंबित रहीं। कोहरे से ट्रेनों का परिचालन भी प्रभावित हुआ और 165 ट्रेनें घंटों देरी से चलीं। दिन में हल्की धूप खिलने से ठंड से थोड़ी राहत रही और कोहरा कम होने से दृश्यता के स्तर में भी सुधार हुआ। कोहरे और ठंड के कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। शनिवार को दिल्ली में न्यूनतम तापमान 7.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।



## संपादक की कलम से

### जहरीला भूजल

हरित क्रांति के अगुआ बनकर देश के खाद्यान्न संकट दूर करने वाले राज्य पंजाब व हरियाणा का भूजल चिंताजनक स्तर तक दूषित पाया गया है। धान व अन्य फसलों की बंपर पैदावार के लिये भूजल का अंधाधुंध दोहन करने वाले इन राज्यों का भूजल का स्तर उस गहराई तक जा पहुंचा है, जहां उसमें यूरेनियम जैसे घातक पदार्थों की मात्रा गंभीर स्थिति तक जा पहुंची है।



ललित शर्मा
संपादक

पूरे देश में भूजल की गुणवत्ता की जांच के लिये लिये गए बीस फीसदी सैंपल निर्धारित कसौटी पर खरे नहीं उतरे हैं। इन सैंपलों में नाइट्रेट का स्तर सीमा से अधिक मिला है। पानी की गुणवत्ता को लेकर केंद्रीय भूजल बोर्ड की सालाना रिपोर्ट गंभीर चिंताओं का खुलासा करती है। जहां अरुणाचल, मिजोरम, मेघालय, जम्मू– कश्मीर आदि के सौ फीसदी सैंपल भारतीय मानक ब्यूरो के मानकों पर खरे उतरे हैं, वहीं पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उ.प्र. तथा आंध्र प्रदेश में पानी बड़े पैमाने पर प्रदूषित मिला है। देश में कुल 15,259 भूजल निगरानी स्थानों का चयन पानी की क्वालिटी नापने के लिये किया गया। मगर पंजाब के पानी के नमूने में मिले घातक तत्व चिंता बढ़ाने वाले हैं। पंजाब के भूजल में तीस फीसदी सैंपलों में अधिक यूरेनियम पाया गया। फिक्र की बात यह है कि पंजाब व राजस्थान यूरेनियम प्रदूषण के मद्देनजर हॉट स्पॉट हैं। दरअसल, यूरेनियम के अधिक प्रदूषण का मुख्य कारण भूजल का अत्यधिक दोहन है। जो भूजल स्रोत अधिक यूरेनियम वाले क्लस्टर हैं, वे अति दोहित, गंभीर व अर्धगंभीर श्रेणी वाले इलाके हैं। वास्तव में भूजल के अंधाधुंध दोहन से पानी का स्तर उस स्थान तक जा पहुंचा है, जहां पानी में यूरेनियम अधिक है। जो कि कैंसर जैसी अनेक गंभीर बीमारियों का कारण बनता जा रहा है। हाल के वर्षों में पंजाब के कई इलाकों में कैंसर के अधिक मामले सामने आए हैं। यहां तक कि पंजाब से राजस्थान रोगियों को इलाज के लिए ले जाने वाली ट्रेन को कैंसर ट्रेन तक कहा जाता रहा है। निश्चित रूप से केंद्रीय भूजल बोर्ड की यह रिपोर्ट चिंता बढ़ाने वाली है। हमने मुनाफा बढ़ाने के लिये जिस भूजल का अंधाधुंध दोहन किया है वह अब अपना नकारात्मक प्रभाव दिखाने लगा है। निश्चित रूप ने कुदरत ने हमें आवश्यकता का जल तो दिया है लेकिन उसके अनियंत्रित दोहन की अनुमति नहीं दी है। पंजाब बड़े पैमाने पर धान की खेती करता रहा है। हालांकि, पंजाब के भोजन में चावल प्राथमिक नहीं रहा है। लेकिन व्यावसायिक हितों की पूर्ति के लिये धान की खेती को प्रश्रय दिया गया। इस खेती की वजह धान की फसल पर न्यूनतम समर्थन मूल्य का मिलना भी है। अब किसानों को फसलों के विविधीकरण के लिये प्रेरित किया जाना चाहिए।

## मोनिका डागा



धन्यवाद!

कविता

जो जितना साथ चला उसका उतना ही धन्यवाद,
जो ईर्ष्या से जला उसका भी उतना ही धन्यवाद,
जिन्होनें दी शुभकामनाएं उनको भी है धन्यवाद,
जिन्होनें व्यंग बाण चलाएं उनको भी है धन्यवाद ।

जिन्होनें खुशियां छीनी उनका भी हैं धन्यवाद,
जिन्होनें ढेरों खुशियां भरी उनका भी धन्यवाद,
जो पीठ पीछे छूरा भोंक चले उन्हें भी धन्यवाद,
जो मुश्किलों में साथ बढ़े उनका भी धन्यवाद ।

जिंदगी को अपनाना सीखाया उनको भी धन्यवाद,
रूकावटों का अंबार लगाया उनको भी है धन्यवाद,
जो दुआओं का उपहार बन आएं उन्हें भी धन्यवाद,
अकेले छोड़ धोखा दे चले गए उन्हें भी है धन्यवाद ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# अपनों के निशाने पर कांग्रेस पार्टी



> जून 2023 में 26 विपक्षी दलों के साथ बना इंडिया गठबंधन अब टूट के कगार पर खड़ा है। लोकसभा चुनाव में मिली हार और उसके बाद हरियाणा व महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में हुई पराजय ने इस गठबंधन को कमजोर कर दिया है।

कांग्रेस पार्टी इन दिनों अपने ही साथी दलों के निशाने पर है। भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों के संयुक्त इंडिया गठबंधन में शामिल विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं द्वारा कांग्रेस पार्टी से इंडिया गठबंधन का नेतृत्व वापस लेने की मांग की जा रही है। इंडिया गठबंधन में शामिल बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी खुले आम कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व पर सवाल उठा रही है। उनकी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने प्रेस कांफ्रेंस करके कांग्रेस पार्टी को इंडिया गठबंधन के नेता पद से हटाने की मांग की हैं। ममता बनर्जी की मांग के समर्थन में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने भी अपनी सहमति जताई है। इससे इंडिया गठबंधन की स्थिति लगातार कमजोर हो रही है।

जून 2023 में 26 विपक्षी दलों के साथ बना इंडिया गठबंधन अब टूट के कगार पर खड़ा है। लोकसभा चुनाव में मिली हार और उसके बाद हरियाणा व महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में हुई पराजय ने इस गठबंधन को कमजोर कर दिया है। इसी के चलते कांग्रेस के सहयोगी दल ही उसकी नेतृत्व क्षमता पर सवाल उठाकर अलग राह पकड़ने के संकेत दे रहे हैं। हाल ही में दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी ने तो कांग्रेस को इंडिया गठबंधन से बाहर निकलवाने तक की धमकी दे दी है। कांग्रेस द्वारा दिल्ली विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने की घोषणा के बाद से ही आम आदमी पार्टी कांग्रेस से खासी नाराज नजर आ रही है। पार्टी नेताओं का कहना है कि कांग्रेस जिस तरह से चुनाव लड़ रही है उससे भाजपा को लाभ मिल रहा है। कांग्रेस नेता अजय माकन व संदीप दीक्षित के बयान विपक्ष को कमजोर करने के लिए भाजपा के कहने पर दिए जा रहे हैं। समाजवादी पार्टी, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद पवार), नेशनल कांफ्रेंस तो खुलकर कांग्रेस की मुखालफत करने लगी है।

हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस अपनी जीत तय मानकर आम आदमी पार्टी से गठबंधन करने से इनकार कर दिया था। जिसके चलते आम आदमी पार्टी ने कई सीटों पर अकेले ही चुनाव लड़कर 1.8 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे। जबकि हरियाणा में कांग्रेस को 39.34 प्रतिशत वोट व भाजपा को 39.94 प्रतिशत वोट मिले थे। यदि हरियाणा में कांग्रेस आम आदमी पार्टी से समझौता करके चुनाव लड़ती तो निश्चय ही सरकार बन सकती थी। मगर कांग्रेस ने अवसर गवां दिया और वहां भाजपा ने आसानी से तीसरी बार पहले से भी अधिक बहुमत से सरकार बना ली। उत्तर प्रदेश विधानसभा के उपचुनाव में तो समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस के लिए एक भी सीट नहीं छोड़ी थी। जबकि लोकसभा चुनाव कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने मिलकर ही लड़ा था।

महाराष्ट्र में कांग्रेस नीत महा विकास अघाड़ी की करारी हार होने के बाद शिवसेना (यूबीटी) ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधते हुए कहा था कि कांग्रेस ने हरियाणा में आप और समाजवादी पार्टी को सीट ना देकर गलती की थी। पार्टी के मुखपत्र सामना में भी लिखा गया कि कांग्रेस नेताओं के अति आत्मविश्वास और घमंड ने हरियाणा में हार के लिए भूमिका निभाई। पार्टी नेता संजय राउत ने तो यहां तक कह दिया कि कांग्रेस को लगने लगा था कि वह अकेले ही जीत सकती है। इसलिए किसी को भी सत्ता में भागीदार बनाना उचित नहीं समझा था।

पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 99 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। कांग्रेस कुल 329 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। जिसमें से 145 सीटों पर बिना किसी गठबंधन की अकेले चुनाव लड़ी थी। जिसमें कांग्रेस 37 सीटों पर चुनाव जीती थी। कांग्रेस का बिना किसी दल से गठबंधन में जीत का रेशियो 25.52 प्रतिशत रहा था। जबकि कांग्रेस 184 सीटों पर साथी दलों से गठबंधन करके चुनाव लड़ी थी। इसमें कांग्रेस ने 62 सीट जीती थी और जीत का रेशियो 33.75 प्रतिशत रहा था। इस तरह से देखे तो कांग्रेस पार्टी को अकेले चुनाव लड़ने की बजाय गठबंधन साथियों की बदौलत बड़ी जीत हासिल हुई थी। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 13 करोड़ 67 लाख 59 हजार 64 यानी 21.29 प्रतिशत वोट मिले थे। गठबंधन करने के कारण 2019 की तुलना में 2024 में कांग्रेस को 1.91 प्रतिशत अधिक वोट मिले थे।

कांग्रेस पार्टी ने पंजाब, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, गोवा, कर्नाटक, लक्षद्वीप, मणिपुर, मेघालय, नागालैंड, उड़ीसा, तेलंगाना व पश्चिम बंगाल में अपने बूते चुनाव लड़ा था। जबकि बिहार, गुजरात हरियाणा झारखंड, केरल, महाराष्ट्र, पांडिचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश में गठबंधन करके चुनाव लड़ा था। अंडमान निकोबार दीप समूह, आंध्र प्रदेश, दादरा नगर हवेली व दमन दीव, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, लद्दाख, मध्य प्रदेश, मिजोरम, सिक्किम, त्रिपुरा, उत्तराखंड ऐसे प्रदेश है जहां लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का खाता भी नहीं खुल सका था।

हरियाणा विधानसभा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस को सबसे बड़ा झटका महाराष्ट्र में लगा जहां उनकी सीटे 44 से घटकर 16 रह गई। महाराष्ट्र में कांग्रेस शिवसेना (यूबीटी) व राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के साथ महाविकास अघाड़ी बनाकर चुनाव मैदान में उतरी थी। वहां कांग्रेस सबसे अधिक 101 सीटों पर चुनाव लड़ी जिसमें महज 16 सीट ही जीत पाई। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को 80 लाख 20 हजार 921 वोट मिले जो कुल मतदान का 12. 42 प्रतिशत थे। महाराष्ट्र में कांग्रेस की जीत का स्ट्राइक रेट 15.38 प्रतिशत ही रहा।

संसद का शीतकालीन सत्र का समापन हो चुका है। जिसमें अधिकांश समय कांग्रेस ने अदानी मुद्दे को लेकर संसद नहीं चलने दी। इससे संसद का कार्य पूरी तरह प्रभावित रहा। इसको लेकर भी कांग्रेस की सहयोगी तृणमूल कांग्रेस, सपा ने कांग्रेस को घेरते हुये आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर बहस नहीं होने देना चाहती है तथा सिर्फ अदानी मुद्दे को ही जिंदा रखे हुए हैं। यदि संसद चलती तो कई तरह के मुद्दों पर सरकार को घेरा जा सकता था।

इंडिया अलायंस में जिस तरह की खटपट वर्तमान समय में चलने लगी है वह अलायंस के लिए शुभ नहीं मानी जा सकती है। अलायंस में शामिल दल ही विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस के नेतृत्व को नकारने लगे है इससे बुरी बात कांग्रेस पार्टी के लिए और क्या हो सकती है। लोकसभा चुनाव में जिस तरह से विपक्षी पार्टियों ने एकजुट होकर इंडिया गठबंधन बनाकर केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा को कड़ी टक्कर दी थी। वही गठबंधन अब धीरे-धीरे कमजोर पड़ता जा रहा है।

आने वाले समय में दिल्ली विधानसभा के चुनाव होने हैं। वहां भाजपा चुनाव जीतने की पूरी रणनीति बनाने में जुटी हुई है। आम आदमी पार्टी चाहती है कि वह दिल्ली की सत्ता पर फिर से काबिज हो। मगर कांग्रेस का रवैया देखकर आम आदमी पार्टी भी सकते में है। पार्टी के नेता कांग्रेस को वोट कटवा के रूप में देख रहे हैं तथा खुले आम भाजपा की बी टीम के रूप में काम करने का आरोप लगा रहे हैं। कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों की दो सूची जारी कर दी है। शेष सीटों पर भी जल्दी ही प्रत्याशियों के नाम घोषित करने की तैयारी चल रही है। यदि दिल्ली चुनाव में आम आदमी पार्टी पराजित हो जाती है तो इंडिया गठबंधन के ताबूत में वह आखरी कील साबित होगी।

कांग्रेस को यदि इंडिया गठबंधन को बचाना है तो अपने सहयोगी क्षेत्रीय दलों की भावनाओं को समझ कर फैसला करना होगा। तभी कांग्रेस अपने राजनीतिक वजूद को बचा पाएगी। इंडिया गठबंधन टूटने की स्थिति में कांग्रेस का भी कमजोर होना तय माना जा रहा है। क्योंकि कांग्रेस अकेले भाजपा से मुकाबला नहीं कर सकती है। गठबंधन के साथी दलों की मदद से ही कांग्रेस मजबूत हो सकेगी इस बात से कांग्रेस नेता भी अच्छे से वाकिफ है। **– रमेश सर्राफ धमोरा**

# पिता का पजामा पेंट या धोती फटी है, तो हमारी ब्रांडेड पहनी चीजों पर गर्व नहीं शर्म होनी चाहिए



गोंदिया

**वेलकम इंडिया**

वैश्विक स्तरपर भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता में आस्था जग प्रसिद्ध है। अपने माता-पिता और बड़े बुजुर्गों का जितना सम्मान भारतीय संस्कृति में सदियों से प्रवाहित हो रहा है, शायद दुनियाँ में कहीं नहीं देखने को मिलेगा। परंतु दुर्भाग्य से कहना पड़ रहा है कि माता-पिता बड़े बुजुर्गों के सम्मान की इतनी धारदार कट्टरता अभी कुछ वर्षों से तीव्रता से कम होती जा रही है। याने पाश्चात्य संस्कृति की छाया भारतीय समाज में तीव्रता से बढ़ती जा रही है। आज माता- पिता अपने बच्चों को अपना पेट काटकर ऊंचे से ऊंची शिक्षा दिलाकर डॉक्टर इंजीनियर सीए सहित अनेक प्रोफेशनल डिग्रियां दिलाकर उच्च मुकाम पर पहुंचा रहे हैं। परंतु कुछ अपवादों को छोड़कर इन्हें नवयुवकों द्वारा अपने भविष्य, अपनी जिंदगी, अपनी लाइफ स्टाइल के नाम पर बड़े शहरों, विदेशों में जॉब के नाम पर जाकर वही सेट हो जाते हैं। अनेक युवा वही शादी कर लेते हैं तो कुछ अपने नाटिव स्थान पर शादी करके फैमिली सहित वापस बड़े शहर या विदेश में चले जाते हैं और बेचारे मां- बाप वही अपनी तंगी हालत में जीते हैं। ऐसे अनेक हकीकत किस्से हर शहर, गांव में आम होते जा रहे हैं हमारी कॉलोनी में भी कई किस्से मेरी नजरों के सामने हैं जो बेचारे फटी पेंट या धोती पहन कर गुजारा कर रहे हैं और उनके बच्चे ब्रांडेड चीजों को वापरकर अपनी पाश्चात्य लाइफ स्टाइल जी रहे हैं जिसका कोई फायदा नहीं है। मेरा मानना है कि ऐसे युवक इस नाइंसाफी का बीज बो रहे हैं जो आगे चलकर अपने बच्चों से वटवृक्ष के रूप में परेशानियों से भरा पाएंगे।इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे आओ अपने माता-पिता बड़े बुजुर्गों वृद्धजनों का सम्मान और उनकी देखभाल करें।

साथियों बात अगर हम आध्यात्मिक आस्था की करें तो, हम लोग पूजा-पाठ बहुत करते हैं, लेकिन हमें सकारात्मक फल नहीं मिल पाते हैं। मेरा मानना है कि सिर्फ पूजा से जीवन में सुख-शांति नहीं मिल सकती है। अपना आचरण भी अच्छा बनाए रखना जरूरी है। हम लोग माता- पिता का सम्मान नहीं करते हैं और सिर्फ पूजा-पाठ करते हैं, तो हमें सुख शांति नहीं मिल पाती है। देवी-देवता भी उन्हीं लोग पर कृपा करते हैं जो अपने माता- पिता का पूरा सम्मान करते हैं और उनके सुख-दुख का ध्यान रखते हैं।

साथियों बात अगर हम हमारे शास्त्रों में बुजुर्गों के सम्मान की करें तो, यजुर्वेद का उल्लेख, हमारे शास्त्रों में भी बुजुर्गों का सम्मान करने की राह दिखलायी गई है यजुर्वेद का निम्न मंत्र संतान को अपने माता-पिता की सेवा और उनका सम्मान करने की शिक्षा देता है-

यदापि पोष मातरं पुत्रः प्रभुदितो धयान्।
इतदगे अनृणो भवाम्यहतौ पितरौ ममां॥

अर्थातजिन माता-पिता ने अपने अथक प्रयत्नों से पाल पोसकर मुझे बड़ा किया है, अब मेरे बड़े होने पर जब वे अशक्त हो गये हैं तो वे जनक-जननी किसी प्रकार से भी पीड़ित न हों, इस हेतु मैं उसी की सेवा सत्कार से उन्हें संतुष्ट कर अपा आनृश्य (ऋण के भार से मुक्ति) कर रहा हूँ। आज अंतरराष्ट्रीय स्तरपर हम मनीषियों को को यह समझने की जरूरत है कि वरिष्ठ नागरिक, वृद्धजन, बड़े बुजुर्ग हमारे समाज की अनमोल विरासत होते हैं, उन्होंने अपने समाज और देश को बहुत कुछ दिया है। वह हमारी धरोहर हैं, अनुभवों का एक खजाना है जो किसी भी देश की उन्नति के लिए मूल्यवान मंत्र है जिसका सही दिशा में उपयोग किया जाए तो उस देश को सामाजिक- आर्थिक नैतिक संपन्नता से नवाजने से कोई नहीं रोक सकता क्योंकि उनके अनुभवों के साथ उनका आशीर्वाद भी काम करता है जिसमें स्वयं ईश्वर अल्लाह भी हस्तक्षेप नहीं कर सकते इतनी ताकत होती है आशीर्वाद या दुआ में, इसलिए हमें चाहिए कि बड़े बुजुर्गों के अनुभवों और सीख से हम जीवन में आई विपत्तियों से पार पाने में सक्षम हों।आओ वृद्धावस्था को सुखी बनाएं-उनका आशीर्वाद लें।

साथियों बात अगर हम माता पिता बड़े बुजुर्ग वृद्धजनों के सम्मान की करें तो, बचपन से ही हमें घर में शिक्षा दी जाती है कि हमें अपने से बड़ो का सम्मान करना चाहिए। वरिष्ठजन हमारे घर की नींव होते हैं। बुजुर्गों का आशीर्वाद बहुत भाग्य वालों को मिलता है इसलिए सभी को अपने से बड़ों और वरिष्ठजनों का सम्मान करना चाहिए। लेकिन आज के समय में ये कहना अनुचित नहीं होगाकि अबये मात्र औपचारिकता रह गई है। लेकिन हर व्यक्ति को वरिष्ठजनों के प्रति सम्मान और आदर की भावना रखनी चाहिए। हमारे देश में बड़े लोगों को ईश्वर अल्लाह के तुल्य और उनके आशीर्वाद को किसी भी काम में सबसे बड़ा सहायक माना जाता है, इसलिए हमारे देश में सभी अपने से बड़ों का सम्मान और आदर करते हैं। फिलहाल अब हालात काफी बदल गए हैं। कई मामलों में वृद्धजनों को अपनी संतानों द्वारा मुश्किलें और दिक्कतें झेलते देखा गया है

साथियों बात अगर हम माता पिता वृद्धजनों की अवहेलना की करें तो, एक पेड़ जितना ज्यादा बड़ा होता है, वह उतना ही अधिक झुका हुआ होता है, यानें वह उतना ही विनम्र और दूसरों को फल देने वाला होता है। यही बात समाज के उस वर्ग के साथ भी लागू होती है,जिसे आज की तथाकथित युवा तथा उच्च शिक्षा प्राप्त पीढ़ी बूढ़ा कहकर वृद्धाश्रम में छोड़ देती है। वह लोग भूल जाते हैं कि अनुभव का कोई दूसरा विकल्प दुनियाँ में है ही नहीं। अनुभव के सहारे ही दुनिया भर में बुजुर्ग लोगों ने अपनी अलग दुनिया बना रखी है। जिस घर को बनाने में एक इंसान अपनी पूरी जिंदगी लगा देता है, वृद्ध होने के बाद उसे उसी घर में एक तुच्छ वस्तु समझ लिया जाता है। बड़े बूढ़ों के साथ यह व्यवहार देखकर लगता है जैसे हमारे संस्कार ही मर गए हैं। बुजुर्गों के साथ होने वाले अन्याय के पीछे एक मुख्य वजह सामाजिक प्रतिष्ठा मानी जाती है। सब जानते हैं कि आज हर इंसान समाज में खुद को बड़ा दिखाना चाहता है और दिखावे की आड़ में बुजुर्ग लोग उसे अपनी सुंदरता पर एक काला दाग दिखते हैं। बड़े घरों और अमीर लोगों की पार्टी में हाथ में छड़ी लिए और किसी के सहारे चलने वाले बुढ़ों को अधिक नहीं देखा जाता, क्योंकि वह इन बूढ़े लोगों को अपनी आलीशान पार्टी में शामिल करना तथाकथित शान के खिलाफ समझते हैं। यही रुढ़िवादी सोच उच्च वर्ग से मध्यम वर्ग की तरफ चली आती है। आज के समाज में मध्यम वर्ग में भी वृद्धों के प्रति स्नेह की भावना कम हो गई है।साथियों बात अगर हम भारत में माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के लिए भरण पोषण और कल्याण (संशोधन) विधेयक 2019 की करें तो यह 11 दिसंबर 2019 को लोकसभा में पेश किया गया था, सामाजिक न्याय और अधिकारिता संबंधी स्थाई समिति की रिपोर्ट 29 जनवरी 2021 को लोकसभा में प्रस्तुत की गई थी अभी मानसून सत्र में शेड्यूल किया गया था। इसमें वृद्धजनों का जीवन सुरक्षित करने संबंधी अनेक प्रकार के प्रावधान हैं जिसमें बच्चों की परिभाषा में बदलाव, नाबालिक बच्चों का शामिल करना, माता-पिता की परिभाषा में सांस सुर, दादा दादी, नाना नानी को शामिल करना, भरण पोषण में स्वास्थ्य देखभाल बचाव और सुरक्षा को शामिल करना है ताकि गरिमापूर्ण जीवन जी सकें इत्यादि अनेक सुधार इस संशोधन के माध्यम से किए गए हैं।

साथियों बात अगर हम माता पिता के बुजुर्ग अवस्था के पड़ाव की करें तो,बुजुर्गावस्था हर इंसान के जीवन का एक पड़ाव है। इस समय में व्यक्ति को प्यार सम्मान और अपनेपन की सबसे ज्यादा आवश्यकता होती है। जिन लोगों पर बुजुर्गों का साया होता है वे लोग बहुत भाग्यशाली होते हैं। बुजुर्ग ही हमें जीवन जीने का सही मार्ग सिखाते हैं। उनके अनुभव और सीख से जीवन में हम किसी भी कठिनाई को पार करने में सक्षम होते हैं। इसलिए हमें कभी भी उनके प्रति उपेक्षा का भाव नहीं रखना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस को पूरी तरह से बुजुर्गों के लिए समर्पित किया जाता है। इस दिन उनके सम्मान में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। वृद्धाश्रमों में बुजुर्गों का खुशी का ध्यान रखते हुए कई तरह के आयोजन किए जाते हैं। इस दिन बुजुर्गोंको होने वाली समस्याओं और उनकी सेहत के विषय में गंभीरता पूर्वक विचार किया जाता है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि आओ अपने माता पिता बड़े बुजुर्गों का सम्मान करें। आध्यात्मिकता में माता-पिता का सर्वश्रेष्ठ स्थान है। बड़े बुजुर्ग वृद्धजन ईश्वर अल्लाह का रूप है। पिता की धोती फटी है तो हमारी ब्रांडेड चीजों का कोई फायदा नहीं है। मां से ऊंची आवाज में बात कर रहे हैं तो रोज मंदिर जाकर देवी मां का पूजन करने का मतलब नहीं।

# चांदनी घटा में गिरिराज जी अर्पित किए छप्पन भोग

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** गिरिराज जी की तलहटी चांदनी घटा में बिराजे गिरिराज प्रभु को देख जगमगाहट हो गई। गिरिराज प्रभु ने चांदनी घटा में 56 भोग के साथ भक्तों को दर्शन दिए। रत्न जड़ित श्रंगार से दमकती छवि के साथ छबरिया में सजे छप्पन भोग लगाए गए। बड़ी परिक्रमा मार्ग स्थित कार्ष्णि आश्रम में छप्पन भोग का आयोजन किया गया। इस दौरान तलहटी गिरिराज प्रभु के जयकारों से गूंज उठी। आयोजक नितेश अग्रवाल ने बताया कि प्रभु का श्रृंगार रत्नों से किया गया है तथा शुद्ध देशी घी से प्रसाद में 56 भोग व्यंजन तैयार किए गए हैं। दो दिवसीय कार्यक्रम में सिरसागंज, शिकोहाबाद, फिरोजाबाद, आगरा, मथुरा से आये श्रद्धालु छप्पन भोग महोत्सव के साक्षी बने। आश्रम में भजन संध्या में देर रात्रि तक भक्त झूमते रहे।

महोत्सव स्थल पर देशी-विदेशी पुष्प प्राकृतिक सुंदरता का अहसास करा रहे थे। जगमगाती झालरें पानी में चलते रंगीन फुब्बारे और लटकी लता-पताकाओं और फल-फूलों से पूरा वातावरण मनमोहक नजर हो गया। शाम 6 बजे गिरिराज जी के दर्शन सामूहिक आरती के बाद खोले गये। भजनो की धुन के साथ श्रद्धालु महिलएं नृत्य करने लगी। प्रभु का भव्य स्वरूप देख तलहटी प्रभु के जयकारो से गूंज उठी। दिव्य छप्पन भोग महोत्सव में दर्शनों के लिए जनसैलाब उमड़ता रहा। साधु-ब्राह्मणों की भोजन प्रसादी सेवा की गयी। इस अवसर पर कार्ष्णि संत गुरु शरणानंद महाराज, महंत हरिओम बाबा, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह के पुत्र इंजीनियर अतुल प्रताप सिंह, जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह, डीआईजी/ एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय, योगेश कुमार अग्रवाल, महेश कुमार अग्रवाल, विपिन कुमार अग्रवाल, नीतेश अग्रवाल सिरसागंज वाले, सुधा अग्रवाल, नीना अग्रवाल आदि भक्तों ने दर्शन का लाभ उठाया।

# आध्यामिक व साहित्यिक सेवाओं के लिए सम्मानित हुए डॉ. गोपाल चतुवेर्दी

वेलकम इंडिया



**वृन्दावन।** सेवाकुंज क्षेत्र स्थित प्राचीन ठाकुर श्रीराधा दामोदर मंदिर में मन्दिर की प्रधान सेवायत आचार्या श्रीमती तरुलता गोस्वामी (मां गुसाईं) के पावन सानिध्य में सम्पन्न हुए दस दिवसीय श्रील जीव गोस्वामी तिरोभाव महोत्सव के अंतर्गत प्रख्यात साहित्यकार, आध्यात्मविद व समाजसेवी डॉ. गोपाल चतुवेर्दी, एडवोकेट का उनके द्वारा की गई आध्यामिक व साहित्यिक सेवाओं के लिए सम्मान किया गया।

उन्हें यह सम्मान मन्दिर के वरिष्ठ सेवायत आचार्य करुण कृष्ण गोस्वामी, आचार्य कृष्ण बलराम गोस्वामी व आचार्य पूर्णचंद्र गोस्वामी ने ठाकुर राधा दामोदर मन्दिर का चित्रपट, अंगवस्त्र एवं ठाकुरजी का पटुका प्रसादी माला आदि भेंट कर दिया। इस अवसर पर त्रिदंडी भक्ति वेदांत स्वामी मधुसूदन गोस्वामी महाराज, बड़ी सूरमा कुंज के महंत स्वामी प्रेमदास महाराज, उमा शक्ति पीठाधीश्वर स्वामी रामदेवानंद सरस्वती महाराज, चरणाश्रम के अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी सत्यानंद सरस्वती महाराज (डॉ. अधिकारी गुरुजी), चतुःसंप्रदाय के श्रीमहंत फूलडोल बिहारीदास महाराज, ब्रजभूमि कल्याण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पण्डित बिहारीलाल वशिष्ठ, प्रख्यात बालरोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक अग्रवाल, श्रीकृष्ण जन्मभूमि आंदोलन के मुख्य पक्षकार दिनेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# श्रीमद्भागवत कथा का तीसरा दिन विश्व में सभी कथाओं में ये श्रीमद्भागवत श्रेष्ठ मानी गई है: डॉ शैल बिहारी दास

वेलकम इंडिया



**हापुड़।** जनपद के नगर के जवाहर गंज में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन शनि को श्रीधाम वृन्दावन के प्रमुख व कथा वाचक श्रद्धेय डॉ शैल बिहारी दास जी महाराज ने कहा कि विश्व में सभी कथाओं में ये श्रीमद्भागवत श्रेष्ठ मानी गई है। जिस स्थान पर इस कथा का आयोजन होता है, वो तीर्थ स्थल कहलाता है। इसका सुनने एवं आयोजन कराने का सौभाग्य भी प्रभु प्रेमियां को ही मिलता है। ऐसे में अगर कोई दूसरा अन्य भी इसे गलती से भी श्रवण कर लेता है, तो भी वो कई पापों से मुक्ति पा लेता है। इसलिए सात दिन तक चलने वाली इस पवित्र कथा को श्रवण करके अपने जीवन को सुधारने का मौका हाथ से नहीं जाने देना चाहिए। अगर कोई सात तक किसी व्यवस्तता के कारण नहीं सुन सकता है, तो वह दो तीन या चार दिन ही इसे सुनने के लिए अपना समय अवश्य निकालें। तब भी वो इसका फल प्राप्त करता है, क्योंकि ये कथा भगवान श्री कृष्ण के मुख की वाणी है, जिसमें उनके अवतार से लेकर कंस वध का प्रसंग का उल्लेख होने के साथ साथ इसकी व्यक्ति के जीवन में महत्ता के बारे में भी बताया गया है।

इसके सुनने के प्रभाव से मनुष्य बुराई त्याग कर धर्म के रास्ते पर चलने के साथ साथ मोक्ष को प्राप्त करता है। शास्त्री ने बताया कि इस कथा को सबसे पहले अभिमन्यु के बेटे राजा परीक्षित ने सुना था, जिसके प्रभाव से उसके अंदर तक्षक नामक नाग के काटने से होने वाली मृत्यु का भय दूर हुआ और उसने मोक्ष को प्राप्त किया था। उन्होंने कहा कि सभी अपने बच्चों को संस्कार अवश्य दें, जिससे वह बुढ़ापे में अपने माता पिता की सेवा कर सकें, गो सेवा, साधु की सेवा कर सकें।मंच का संचालन डॉ.राकेश अग्रवाल ने किया।

इस मौके पर भाजपा नेता मनोज कर्णवाल, सचिन जिंदल, आईआईए चेयरमैन शान्तुन सिंघल, यशी बंसल, पूर्व सभासद चन्द्र प्रकाश ठठेरे, भावना अग्रवाल, डॉ सुमन अग्रवाल, विशाल अग्रवाल (एडवोकेट), रीना अग्रवाल, सरिता गुप्ता, करन सेठी , संजीव, बिट्ठू, यर्थाथ, वैभव, नेहुल, प्रतिष्ठा आदि मौजूद थे।

# ब्लाक कांग्रेस कमेटी सेमरियावां द्वारा कम्बल वितरण आज

**संतकबीरनगर।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी सेमरियावां के कार्यालय पर 5 जनवरी 2025 दिन रविवार को सुबह 10 बजे ब्लाक कांग्रेस कमेटी और न्याय पंचायत अध्यक्षों द्वारा चयनित पात्र 1000 लाभार्थियों में कम्बल का वितरण किया जायेगा। कम्बल का वितरण मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री प्रवीण चन्द्र पाण्डेय के हाथों से होगा। उक्त जानकारी ब्लाक अध्यक्ष मुहम्मद अकरम नजीर ने दी।

# पुश्तैनी मकान के विवाद को लेकर मारपीट, मुकदमा दर्ज

**संतकबीरनगर।** दुधारा थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर में पुश्तैनी मकान को लेकर गाली गलौज और मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित की तहरीर पर मुकामी पुलिस ने सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थाना दुधारा क्षेत्र के गांव रसूलपुर निवासी अजय यादव पुत्र अभिमन्यु यादव ने मुकामी पुलिस को दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्र देकर धनुषधारी पुत्र राम नरेश, संगीता पत्नी धनुषधारी, गिरजेश, विकास पुत्रगण धनुषधारी पर पुश्तैनी मकान के विवाद को लेकर गाली गलौज करने और मारने पीटने का आरोप लगाया है। मुकामी पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुअसं 02/25 धारा 115(2), 351(3), 352 बीएनएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# साधू वेशधारी ने महिला को झांसे में लेकर लाखों रुपए का चूना लगाया



**मथुरा/राया।** जनपद के थाना राया क्षेत्र के अंतर्गत गांव सारस में एक साधू वेषधारी ने शुक्रवार की सायं एक महिला को झांसे में लेकर लाखो रुपये के सोने चादीं के आभूषण लेकर फरार हो गया जिसकी शिकायत पीड़िता ने थाना में दर्ज करायी है। थाना राया क्षेत्र के गाँव सारस निवासी महिला बबली देवी ने बताया कि शुक्रवार को उसके घर एक साधू आया और उसने महिला से खाने के लिए भोजन मांगा । महिला ने साधू को भोजन और दूध दे दिया। इस दौरान साधु वेशधारी ने महिला को अपनी बातों में फसाकर कहा कि तेरे घर पर संकट है अपने घर से चावल के सात दाने और पानी लेकर आओ उसके सोने चांदी के आभूषण और नगदी एक कपड़े में बंद करके लाने के लिए बोला । इस दौरान महिला ने अपने सभी आभूषण कपड़े में बंद करके साधू को दे दिए इस दौरान साधु ने पानी को पढ़कर उसने बच्चों और मेरे ऊपर पानी फेंका और कपड़े में रखे आभूषण को शाम पांच बजे खोलने के लिए बोला महिला ने जब कपड़ा खोलकर देखा तो सारे आभूषण गायब थे। जेवरात गायब देख परिजनों के होश फाख्ता हो गए परिजनों ने साधु को काफी तलाश किया लेकिन उसका कोई सुराग नही लगा । थक हार कर पीड़ित थाना राया पहुचा औ ? घटना की जानकारी थाना प्रभारी अजय कौशल को दी। पुलिस साधु वेषधारी की तलाश में जुटी हुई है।

# किशोर घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव किवाना निवासी महिला प्रवीण ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि चार दिन पूर्व उसका 11 वर्षीय बेटा जानिश घर था। दोपहर के समय घर से संदिग्ध पिरिस्थितियों में लापता हो गया। देर रात तक घर न लौटने पर परिजनों ने किशोर की काफी खोजबीन की लेकिन उसका कोई सुराग नही लग सका। चार दिन बीत जाने के बाद परिजनों ने थाने जाकर पुलिस को किशोर के गुम होने की तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज करा दी है।

# वृन्दावन सयुंक्त जिला चिकित्सालय पर जिंक ओआरएस कार्नर का स्थापित

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** जनपद के सयुंक्त जिला चिकित्सालय वृंदावन में जागरण पहल एवं रैकेट इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में ओ. आर. एस कार्नर का शुभारंम मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वंदना अग्रवाल ने किया।

कार्यक्रम में सीएमएस द्वारा लाभार्थी यों को डेटॉल साबुन, जिंक की गोलियां व ओआरएस पैकेट को फॉलोअप लिफाफे में रखकर वितरित किया । इसके साथ ही डब्ल्यूएचओ के सात सूत्रों के बुक मार्क व जिंक ओ आर एस बनाने की विधि का स्टीकर भी वितरित किया।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वंदना अग्रवाल ने बताया कि डायरिया के दौरान खनिज पदार्थ की कमी हो जाती है जिससे निर्जलीकरण का खतरा बढ़ जाता है ऐसे में ओ आर एस शरीर में पानी की कमी व जिंक की गोली दस्तों के जरिए निकले खाये हुए तरल पदार्थ की पूर्ति करता है। उन्होंने कहा कि जिंक और ओ आर एस निर्जीलिकरण को रोकने में सहायक होता है जिंक का सेवन रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है।

जिला समन्वयक ने जागरण पहल टीम द्वारा शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों में डायरिया से होने वाली मृत्यु व डायरिया से बचाव की जानकारी दी। महिलाओं को दस्त प्रबंधन के बारे में समझाया। डायरिया से बचाव के लिए साफ-सफाई का विशेष ख्याल रखें। डेटॉल साबुन से हाथ धोएं, सुरक्षित स्वछ पेयजल, सुलभ शौचालय, केवल स्तनपान, टीकाकरण व जिंक टेबलेट और ओ आर एस घोल के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अगर हम बचाव को अपनाएंगे तो उपचार तक नहीं पहुंचेंगे।

उन्होंने बताया कि जागरण पहल संस्था की ओर से डायरिया को शून्य करना व बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार करने के विभिन्न प्रयास किया जा रहे है।

कार्यक्रम के दौरान एचएम डॉ.नंदिता, आई.सी.एन. मार्टिल सिंह, फर्माशिष्ट मनमोहन सिंह डायारिया नेट जीरो की टीम में जीडी पूजा चौहान मौजूद रही।

# अस्थायी रैन बसेरे में भी बिछाये गए फोल्डिंग

**सहारनपुर।** महापौर व नगरायुक्त के निर्देश पर कंपकंपाती ठंड को देखते हुए जहां शहर में अलाव की संख्या बढ़ा दी गयी हैं वहीं अस्थायी रैन बसेरे में जमीन पर गद्दों के स्थान पर फोल्डिंग बैड लगाये गए हैं। उधर गौशाला में गौवंश को भी सर्दी से बचाने के लिए सभी शेड को तिरपाल से कवर करते हुए काऊ कोट और काऊ मैट की व्यवस्था की गयी है। नगरायुक्त संजय चौहान ने तीन दिन पहले रैन बसेरों का निरीक्षण करते हुए जनमंच के पीछे सुमन हाल में बनाये गए अस्थायी रैन बसेरे में रात्रि विश्राम के लिए लोगों की क्षमता बढ़ाने और जमीन पर लगाये गए गद्दों के स्थान पर फोल्डिंग पलंग लगाने के निर्देश दिए थे। अपर नगरायुक्त राजेश यादव ने बताया कि नगरायुक्त के निर्देशों के अनुपालन में अस्थायी रैन बसेरे वाले पूरे हाल में फोल्डिंग पलंग लगवा दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त संजय चौहान के निर्देश पर महानगर में अलाव की संख्या भी 180 से बढ़ाकर 210 से ज्यादा कर दी गयी है और सभी अलाव स्थल पर लकड़ी समय से पहुंचे इसे भी सुनिश्चित किया गया है।

# कोहरे के कारण किसान का ट्रैक्टर ट्राली नहर में पलटी किसान की मौत

वेलकम इंडिया



**कांधला।** घना कोहरा होने के कारण ट्रैक्टर ट्राली पर सवार होकर अपने खेत पर जा रहे हैं एक किसान का ट्रैक्टर ,ट्राली अनियंत्रित होकर नहर में पलट गया ट्रैक्टर के नीचे दबने से एक किसान की मौत हो गई परिजनों ने बिना किसी कार्रवाई के गमगीन माहौल में दाह संस्कार कर दिया है परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। कई दिनों से लगातार घने कोहरे ने क्षेत्र को अपनी चपेट में ले रखा है। घाना कोहरा होने के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं शनिवार सवेरे थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी श्याम निवासी 52 वर्षीय किसान धर्मवीर पुत्र राम सिंह अपने ट्रैक्टर ट्राली पर सवार होकर अपने खेत पर कार्य करने के लिए जा रहा था। घाना कोहरा होने के कारण किसान को नहर का पुल दिखाई नहीं दिया और ट्रैक्टर सीधा अनियंत्रित होकर नहर में पलट गया ट्रैक्टर, ट्राली नहर में पलट जाने के कारण किसान ट्रैक्टर के नीचे दब गया और मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी मिलने पर किसान के परिजन एवं दर्जनों ग्रामीण पहुंचे और हादसे की जानकारी पुलिस को दी। घटनास्थल पर पुलिस भी पहुंच गई पुलिस ने पीड़ित परिजनों की मदद से किसान के शव को नहर से बाहर निकाला। परिजनों ने कानूनी कार्रवाई करने से इनकार कर दिया और शव को अपने साथ ले गए। पुलिस ने मृतक किसान के शव का पंचनामा भरते हुए परिजनों को सौंप दिया परिजनों ने गमगीन माहौल में दाह संस्कार कर दिया।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर सुनी जनता की समस्याएं



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** शनिवार को जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर संयुक्त रुप से तहसील मेंहदावल पर पहुंचकर पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया। जहां पर फरियादियों से उनकी समस्याओं को मौके पर सुना तथा वहां मौजूद संबंधित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए।

राजस्व और पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाये, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। तत्पश्चात वहां मौजूद शिकायत पंजिका का निरीक्षण करते हुए निस्तारित हो चुकी शिकायतों के संबंध मे फीडबैक भी लिया गया। इस अवसर पर राजस्व व पुलिस के अन्य अधिकारी / कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# सीएम पोर्टल पर शिकायत करना पडा महंगा

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव कनियान में रंजिश के चलते मारपीट करने की शिकायत सीएम पोर्टल पर की तो आरोपी हमलावरों ने पीड़ित सहित अन्य पर हमला कर बुरी तरह से घायल कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाही शुरू कर दी है। गांव कनियान निवासी अजेन्द्र ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि गांव के सुदेशपाल, देवेन्, भुरू, विकास, पीड़ित के परिवार से रंजिश रखते है। एक दो माह पूर्व उपरोक्त लोगों द्वारा गाली गलौच व मौका मिलने पर जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध मे मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की थी। आरोप हे कि पीड़ित व सुमित पुत्र राजबीर अपने खेत में ट्यूबवैल पर पहुंचें तो थोडी देर बाद चार लोग एक राय होकर पीड़ित के खेत पर लाठी डण्डे व धारदार हथियार लेकर आये और आते ही सुमित पर जान से मारने की नियत से हमला किया। जिससे सुमित को गम्भीर चोटे आयी। पीड़ित ने बीच बचाव किया तो पीड़ित साथ भी मारपीट की गई।

## श्रीराधा गिरधारी मन्दिर के द्वारा

# निर्धन, निराश्रित महिलाओं व बच्चों को नि:शुल्क ऊनी वस्त्र वितरित किए गए

वेलकम इंडिया




**वृन्दावन।** गोधूलि पुरम/चामुंडा कॉलोनी क्षेत्र स्थित रसिक धाम आश्रम पर श्रीराधा गिरधारी मन्दिर (गौरा नगर, वृन्दावन) के द्वारा पूज्य महंत रमण बिहारी दास महाराज (रसमय दास) के पावन सानिध्य में सैकड़ों निर्धन, निराश्रित महिलाओं व बच्चों को निःशुल्क ऊनी वस्त्र वितरित किए गए।

महंत रमण बिहारी दास महाराज (रसमय दास) ने कहा कि श्रीराधा गिरधारी मन्दिर निर्धन-निराश्रित सेवा, रोगी सेवा, संत सेवा एवं गौसेवा आदि के लिए कृत संकल्पित है।इसी क्रम में आज झुग्गी-झोंपड़ियों में रह कर गुजर-बसर करने वाली महिलाओं व बच्चों को शॉल, कम्बल, मोजे, स्वेटर, टोपे आदि गर्म कपड़े वितरित किये गए।

प्रमुख समाजसेवी और वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुवेर्दी ने कहा कि निर्धन, निराश्रित व दीन दुखियों की सेवा नारायण की सेवा करने के समान होती है।आज श्रीराधा गिरधारी मन्दिर के द्वारा पूज्य महंत रमण बिहारी दास महाराज (रसमय दास) के सानिध्य में निर्धन, निराश्रित महिलाओं व बच्चों को ऊनी वस्त्र वितरित किए गए हैं।हम उसकी भूरि-भूरि प्रशंसा करते हैं।

इस अवसर पर प्रेमप्रीति दास, चारुसेवा दास, राहुल दास, महादेव दास, डॉ. राधाकांत शर्मा एवं प्रेम सिंह आदि की उपस्थिति विशेष रही। संत संतोष दास महाराज ने बताया कि श्रीराधा गिरधारी

मन्दिर के द्वारा 05 जनवरी 2025 को प्राचीन चामुंडा देवी मंदिर परिसर में प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा।जिसमें कुशल चिकित्सकों के द्वारा रोगियों का परीक्षण करके उन्हें निःशुल्क औषधियां उपलब्ध कराई जाएंगी।

# परम्परागत खिचड़ी के मेले को हाईजैक करने का किया जारहा कुत्सित प्रयास

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** महान सुफी संत कबीर की निर्वाण स्थली पर लगने वाले परम्परागत खिचड़ी के मेले को हाईजैक करने का कुछ कथित दुकानदार मंसूबा पाले हुये है। इसके लिए वह जिले के अधिकारियों को गुमराह करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इसकी भनक लगते ही नगरपंचायत के जनप्रतिनिधियों ने सक्रियता दिखाते हुये यथा स्थिति व दुष्प्रभाव से तत्काल जिलाधिकारी से मिलकर समस्याओं से अवगत कराया।जो मेला परिसर में चर्चा का विषय बना हुआ है।सभी छोटे बड़े दुकानदार डरे सहमे हुये हैं।

महान सूफी संतकबीर की निर्वाण स्थली पर आजादी के पूर्व से ही परमपरागत खिचड़ी का मेला लगाता आरहा है।जिसमें दुकानदार आकर इसे भव्यता प्रदान करते हैं।यही दुकानदार ने मिलकर मेले को बुलंदीयों पर ले गये।जिनमें अख्तर मेकरानी व इकबाल उर्फ बाले झूला वाले, बुधिराम व महिपाल सिंह खजला, बिहार व कानपुर से आकर मीनाबाजार लगाने वालों के योगदान को नजर अंदाज नहीं किया जासकता है।अब हालात यह है कि वर्षो से लग रहे इस मेले को तोड़ने की साजिश कुछ नये दुकानदार आकर मेले को हाईजैक करने का कुत्सित प्रयास कररहे हैं।

इन्हीं दुकानदार के द्वारा जिले के आलाधिकारियो को गुमराह करने का कार्य किया जारहा है।जिससे मेले के अस्तित्व पर खतरे के बादल मंडराते दिख रहे हैं।इनके मंसूबो को नाकाम करने के लिए नगर कमेटी ने कमर कस ली है।

चेयरमैन प्रतिनिधि नुरुज्जमा अंसारी ने बताया कि खिचड़ी का मेला हम सबकी नगर की शान है।जिस पर किसी कीमत पर आंच नही आने देंगे।खिचड़ी के मेले को लेकर कुछ दुकानदार जो अन्य मेले में ब्लैक लिस्टेड है।वह मेले को लेकर अधिकारियों को गलत सुझाव दे रहे है। इसके दुष्प्रभाव से जिलाधिकारी से मिलकर उनके मनसूबों से अवगत कराया गया है। सभासद अवधेश सिंह ने बताया कि मेला का टेण्डर हो जाने से छोटे दुकानदार रोजी रोटी को तरस जायेंगे ।ठेकेदार हावी हो जायेगा और झूले आदि के टिकट मनमाने तरीके से बढ़ा देगे।जिसका आनन्द उठाने से गरीब महरूम हो जायेगा।मगहर के खिचड़ी मेले में आसपास क्षेत्रों की गरीब जनता आती है। यही कारण है कि यह मेला लगातार बुलंदी को छू रहा है। जिसे बरबाद करने की साजिश रचने वालो के मंसूबे कामयाब नहीं होने देंगे।

## अगर परम्परागत खिचड़ी के मेले में ई टेंडर हुआ तो सभासद देंगे धरना

मगहर।सद्गुरु कबीर की निर्वाण स्थली मगहर के कबीर चौरा परिसर में लगरहे खिचड़ी के मेले को किसी की बुरी नजर लगने व मेले को एक कथित झूले के दुकानदार द्वारा हाईजैक का मंसूबा पालने व जिले के अधिकारियों को गुमराह करने की आशंका से मेले में आने वाले दुकानदार परेशान हैं।इस को लेकर नगरपंचायत कमेटी के सभासदों ने कमर कसली है और कथित दुकानदार के खिलाफ धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी भी दी है।सभासद प्रतिनिधि/पूर्व सभासद मोहम्मद असअद ने कहा कि परम्परागत खिचड़ी के मेले को किसी एक दुकानदार की कठपुतली नहीं बनने दिया जायेगा।न ही इसका टेंडर होने दिया जायेगा।अगर इसका टेंडर हुआ तो मेले का जहां अस्तित्व खतरे में पड़ेगा वहीं ठीकेदार की मनमानी भी चलेगी।ऐसा नहीं होने पायेगा।उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि कथित दुकानदार को ब्लैक लिस्टेड कर मेले से बाहर किया जाये।नहीं तो सभी सभासद धरने पर बैठेंगे।जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

# किसानों की ट्यूबवेलों पर हुई चोरी का मुकदमा दर्ज

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गढीदौलत में चोरों ने धावा बोलकर कई किसानों के टूयूबवेलो से उपकरण सहित कीमती सामान की चोरी कर लिए थे। घटना के सम्बन्ध में किसानों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाही की मांग की थी। किसानों के खेत में बढती चोरीयों की घटनाओं को लेकर गहरा रोष व्यक्त किया था। पुलिस ने घटना के सम्बन्ध में पीड़ित किसान राशिद सहित अन्य किसानों की संयुक्त तहरीर पर मामला दर्ज कर कार्रवाही शुरू दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार का कहना है कि मामला दर्ज कर लिया गया है शीघ्र ही खुलासा कर चोरों को जेल भेज दिया जाएगा।

# पटाखा फैक्ट्री में लगी आग, हजारों का नुकसान

■ पटाखा फैक्ट्री में आग लग जाने से प्रशासन के फूले हाथ पांव मौके पर पहुंची पुलिस टीम



वेलकम इंडिया

**कांधला।** थाना क्षेत्र के कांधला देहात में स्थित पटाखा फैक्ट्री में संदिग्ध परिस्थितियों मे आग लगने से हजारों का नुकसान हो गया। फैक्ट्री संचालक ने अपने परिजनों व ग्रामीणों के साथ मिलकर कड़ी मशक्कत के साथ आग पर काबू पाया। पुलिस व राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

कस्बे के मौहल्ला रायजादगान निवासी अबुबकर पुत्र इंतजार के द्वारा नगर की सीमा से कुछ दूर कांधला देहात के सलेमपुर मार्ग पर एक खेत में पटाखा बनाने की फैक्ट्री लगा रखी है। फैक्ट्री संचालक ने बताया कि शनिवार को फैक्ट्री के मजदूर छुट्टी रखकर जरूरी कार्य से बाहर गए हुए थे, जिस कारण मौके पर काम बंद था। दोपहर के समय फैक्ट्री के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग लगने के कारण मौके पर धुएं का गुबार बन गया। फैक्ट्री में रखे पटाखों में विस्फोट के साथ लगी आग से आसपास के ग्रामीणों में भी हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने फैक्ट्री संचालक के साथ पुलिस को मामले की सूचना देकर मौके पर बुला लिया। ग्रामीणों की मदद से आग पर पानी डालकर काबू पाया गया। जिससे आग अन्य पटाखों में फैलने से बच गई। स्थिति नियत्रिंत होने पर पटाखा फैक्ट्री संचालक के साथ पुलिस ने राहत की सांस ली, लेकिन पटाखों में लगी आग से पटाखा फैक्ट्री संचालक को हजारों रुपए का नुकसान हो गया। हालांकि आग में किसी भी व्यक्ति को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। पुलिस टीम ने भी मौके पर जाकर मामले की जांच पड़ताल करते हुए फैक्ट्री में लगी आग के कारणों की जानकारी ली। पुलिस मौके पर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### फैक्ट्री में चल रहा है कई लोगों का विवाद

मौके पर मौजूद ग्रामीणों के अनुसार उक्त फैक्ट्री दो या तीन लोगों की है, जिसमें पिछले कुछ समय से आपसी विवाद भी चल रहा है। मौके पर एक व्यक्ति ने बताया कि विवाद के चलते एक हिस्सेदार ने अपने सहयोगी साथी के ऊपर कोर्ट के द्वारा मुकदमा भी किया हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पटाखा फैक्ट्री के गत्ते में लगी आग

जिस समय पटाखा फैक्ट्री में जिस स्थान पर आग लगी उस स्थान पर उस समय पटाखा बनाने के लिए खाली गत्ते का सामान रखा था। वह पटाखों के रूप में तैयार नही थे, अगर आग पटाखों में लग जाती तो मौके पर गंभीर हादसा हो सकता था। मौके पर अधिकतर नुकसान अनबने माल का ही हुआ है।

### आसमान में छाया धुएं का गुब्बर

फैक्ट्री में आग लगने के बाद फैक्ट्री संचालक ने पुलिस प्रशासन व अपने परिजनों के साथ साथ अन्य साथियों के साथ मिलकर घंटों तक आग पर पानी डालकर काबू करने का प्रयास किया, आग पर काबू पाने के लिए उन्होंने सीमेंट शेड को तोडकर आग पर पानी डालकर काबू पाया। आग पर काबू पाने के बाद भी घंटों तक मौके पर धुएं का गुबार उठता रहा।

# तहसील समाधान दिवस पर आई 114 शिकायतों में से 14 का हुआ निस्तारण

वेलकम इंडिया



**अयोध्या।** सोहावल तहसील सभागार मे.तहसीलदार सुमित कुमार सिंह की अध्यक्षता मे संपूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य मंत्री के मिल्कीपुर आगमान का अधिकारियो की गैर मौजूदगी का असर दिखाई दिया।एंटी करप्शन की छापा से निरपराध लेखपालो को अपराध की श्रेणी मे लाने के विरोध मे परिसर मे एक दिन का सांकेतिक हड़ताल के कारण लेखपाल कार्य विरक्त रहे।

तहसीलदार सिंह ने विकासखंड अधिकारी अनुपम वर्मा, नायब तहसीलदार शेखर शुक्ला ने राजस्व निरीक्षको साथ बैठकर फरियादियो की फरियाद सुनी। कुल आई 114शिकायतो मे से तत्काल प्रभाव से 14 का निस्तारण करने का तहसीलदार ने दावा किया।शेष शिकायतो का कानूनगो को मातहतो के साथ पुलिस की मदद से समयबद्ध निस्तारण करने का निर्देश दिया।

मालूम हो कि विगत बीते वर्ष प्रदेश स्तर पर एंटी करप्शन की टीम ने,छापा मारकर मिल्कीपुर सोहावल करप्शन किए जाने को लेकर गिरफ्तारी की थी। जिसको लेकर सोहावल लेखपाल संघ ने विरोध करते हुए एक दिवसीय सांकेतिक धरना दिया।लेखपाल संघ अध्यक्ष सुशील कुमार का आरोप है करप्शन के नाम पर ऐंटी करप्शन के,छापे मे दर्जनो राजस्व कर्मियो से वसूली के नाम पर किया जा रहा है। जिसका संघ कडा विरोध करता है।ऐसे छापो को तत्काल प्रभाव से बंद किया जाना चाहिए।

# पड़ोस के लोगों पर घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप, दो युवती घायल



**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव नाला निवासी एक महिला ने पड़ोस के कई लोगों पर घर में घुसकर उसकी दो बेटियों के साथ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस ने घायल दोनों युवतियों का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद जांच पड़ताल शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव नाला निवासी महिला मुनाजरा पत्नी समैदिन ने बताया कि पड़ोस के कई लोग पीड़िता के परिवार से रंजिश रखते हैं। पीड़ित महिला ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसकी दो बेटी तबस्सुम एवं आसमा घर के बाहर खड़ी हुई थी तभी पड़ोस के एक युवक ने गाली गलौज करनी शुरू कर दी। जब उसकी दोनों बेटियां घर पर पहुंची तो आरोपी ने अपने परिवार के कई लोगों के साथ मिलकर पीड़िता के घर में घुसकर उसकी दोनों बेटियों के साथ लाठी डंडों से जमकर मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। महिला ने अपनी दोनों बेटियों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया और मेडिकल परीक्षण कराने के बाद पड़ोस के कई लोगों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है,पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

# बुग्गी नीचे दबने से 10 वर्षीय किशोर हुआ घायल कार्रवाई की मांग



**कांधला।** किसान की लापरवाही के चलते दस वर्षीय मासूम बुग्गी के नीचे दब गया। जिसे घायल अवस्था में एक प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया है। पीडित के परिजनों ने थाने में किसान के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने पुलिस की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। क्षेत्र के गांव भारसी निवासी सहदेव पुत्र बलबीर सिंह ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उसका दस वर्षीय भतीजा वंश पुत्र सुभाष अपने घेर में बैठा हुआ था। उसी दौरान गांव निवासी अशोक कुमार पुत्र तेजपाल ने वंश को अपने पास बुलाकर उससे अपनी भैंसा बुग्गी जुडवाने में मदद करने के लिए कहा। जिस पर वंश उसके पास चला गया, आरोप है कि भैंसा बुग्गी जुडवाते समय किसान अशोक की लापरवाही के चलते बुग्गी का हिच अचानक वंश के ऊपर गिर गया। जिसमें उसके दोनों पैर उसके नीचे दब गए। घटना के बाद वंश के चिल्लाने पर अशोक कुमार वंश की मदद करने के स्थान पर उसे बुग्गी के नीचे दबा छोडकर मौके से फरार हो गया। जिसके चलते वंश के पैरों में गंभीर चोट आ गई है। पीडित के परिजनों ने आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शीघ्र ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

# बीजेपी ने महिला प्रत्याशी रेखा गुप्ता को शालीमार बाग चुनाव मैदान में उतारा



**दिल्ली।** विधानसभा चुनाव 2025 के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 4 जनवरी को अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है, जिसमें 29 उम्?मीदवारों को टिकट दिया गया। भाजपा ने प्रवेश वर्मा नई दिल्ली विधानसभा सीट से अरविंद केजरीवाल के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस पार्टी ने इस सीट के लिए संदीप दीक्षित को भी मैदान में उतारा है। भाजपा ने पहली सूची में सिर्फ दो महिलाओं को टिकट दिया है।दिल्ली में विधानसभा की 70 सीटें हैं। आम आदमी पार्टी ने सभी 70 सीटों पर उम्मीदवार उतार दिए हैं जबकि कांग्रेस ने 48 सीटों पर प्रत्याशी घोषित किए हैं। भारतीय चुनाव आयोग 10 जनवरी से पहले दिल्ली चुनाव की तारीखों की घोषणा कर सकता है। उससे पहले भाजपा और कांग्रेस सीटों पर भी उम्मीदवार जल्द ही घोषित कर सकते हैं।भाजपा ने अपने उम्मीदवारों की पहली सूची में दूसरी महिला प्रत्याशी रेखा गुप्ता को शालीमार बाग से चुनाव मैदान में उतारा है। जिसका मुकाबला कांग्रेस के प्रवीण जैन और आम आदमी पार्टी की वंदना कुमारी से होगा।

### स्वयं सेवकों ने किया ग्रामीणों को मतदान के लिए प्रेरित

**औरंगाबाद/ बुलंदशहर।** राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में स्कूली बच्चों ने स्वच्छता अभियान चलाया और सड़क सुरक्षा शपथ ली। बच्चों ने ग्रामीणों को मतदान के लिए प्रेरित करते हुए उनको उनके वोट का महत्व समझाया। मृदा संरक्षण संगोष्ठी में विद्वानों ने मृदा संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला और ग्रामीणों से भूमि को बंजर बनने से बचाने की जोरदार अपील की। अमर सिंह इंटर कालेज लखावटी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम मूढ़ी बकापुर में लगाये गये सात दिवसीय सेवा शिविर में शनिवार को प्रार्थना के पश्चात सभी ने सड़क सुरक्षा की शपथ ली। स्वयंसेवकों ने गांव में सफाई अभियान चलाया। बच्चों ने ग्रामीणों के घरों पर दस्तक देते हुए उनके मताधिकार की जानकारी दी और वोट का महत्व बताया। बच्चों ने ग्रामीणों से अपने वोट का प्रयोग अनिवार्य रूप से करने का आग्रह किया और कहा कि पहले मतदान बाद में कोई और काम का ध्यान रखें।

# हापुड़ सभागार विकास भवन में दिशा की बैठक की गई आयोजित



वेलकम इंडिया

**हापुड़।** हापुड़ सभागार विकास भवन में दिशा की बैठक आयोजित की गई। जिसमें सासंद कुवंर सिंह तंवर लोकसभा अमरोहा की अध्यक्षता में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत 10 ट्रेक सूटो का कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की बालिकाओं को वितरण किया गया। इस अवसर पर सांसद द्वारा बेटा बेटी में भेदभाव न करें,दोनों को समान शिक्षा दें। जिससे बेटियां भी अपने पैरों पर खड़ी होकर परिवार, समाज और देश का नाम रोशन करें। कार्यक्रम में गढ़मुक्तेश्वर विधायक हरेन्द्र सिंह तेवतिय, सदर विधायक विजयपाल आढ़ती हापुड़, मा0 विधायक धर्मेश तौमर विधानसभा धौलाना, कुंवर ज्ञानन्जय सिंह पुलिस अधीक्षक, हिमांशु गौतम मुख्य विकास अधिकारी, स्मिता सिंह जिला प्रोबेशन अधिकारी, आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# एंटी करप्शन टीम के खिलाफ लेखपाल धरने पर



वेलकम इंडिया

**अयोध्या।** इस बार लेखपाल संघ ने लेखपालों के भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए एंटी करप्शन के खिलाफ खोला मोर्चा। लेखपाल संघ के बैनर तले लेखपाल बैठे धरने पर। तहसील समाधान दिवस का बहिष्कार कर बैठे लेखपाल धरने पर। एंटी करप्शन टीम द्वारा लेखपाल कानूनगो को जबरन पकड़ने का विरोध।धरना प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में लेखपालो द्वारा किया जा रहा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन। लेखपाल संघ के अध्यक्ष सुशील कुमार मंत्री राहुल यादव ने बताया की राजस्ववाद के निस्तारण हेतु तहसीलदार व थाना अध्यक्ष द्वारा लेखपाल को ही गांव के किसी भी विवाद के निस्तारण में भेजा जाता है, ऐसे में किसी एक पक्ष के पक्ष में निस्तारण करते ही दूसरा पक्ष नाराज हो जाता है तथा वह फर्जी रूप से एंटी करप्शन विभाग को फोन कर अपने किसी सहयोगी के माध्यम से बिना मांगे ही घुस की तथा कथित रकम जेब में डाल दी जाती है जिसकी जानकारी भी अक्सर लेखपाल कानून को नहीं रहती ऐसे प्रकरण में झूठ ही रूप में एंटी करप्शन विभाग द्वारा मिली भगत के चलते राजस्व कर्मियों को गिरफ्तार कर लिया जाता है, तहसील अध्यक्ष सुशील कुमार उपाध्यक्ष विशाल सिंह तथा मंत्री राहुल यादव के नेतृत्व में सभी लेखपालों ने तहसील समाधान दिवस का बहिष्कार करते हुए गेट पर बैठकर एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया नारेबाजी की तथा लेखपालों को फर्जी फसाने के प्रयासों पर एसडीएम से रोक लगाने की मांग की है।

# गर्भवती की मौत के मामले में पति समेत सास-ससुर पर दहेज हत्या की प्राथमिकी केस दर्ज

वेलकम इंडिया




**अयोध्या।** थाना खंडासा के जयराजपुर गांव में बीते 29 दिसंबर को हुई नवविवाहिता की मौत के पांच दिन बाद पुलिस ने पति व सास ससुर के खिलाफ दहेज हत्या व महिला उत्पीड़न का केस दर्ज किया है। मामले में उसके भाई ने दहेज उत्पीड़न, हत्या का आरोप लगाया था। बुधवार को उन्होंने एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी से मिलकर कार्रवाई की मांग की थी।

ध्यान रहे कि गांव निवासी वैशाली मौर्या का शव घर के एक कमरे में फंदे से लटका मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग की बात सामने आई थी। मृतका दो माह की गर्भवती भी थी। उसके भाई राजेश कुमार निवासी कुचेरा बाजार थाना इनायत नगर ने बताया था कि उसकी बहन वैशाली की शादी 17 फरवरी 2024 को श्रवण कुमार मौर्य के साथ हुई थी। पति नोएडा शहर में रहकर मेहनत मजदूरी करता है।

जबकि वैशाली गांव के घर में रहती थी। आरोप लगाया कि उसके ससुराल वाले दहेज की मांग को लेकर उसकी बहन को प्रताड़ित करते थे। मांग पूरी न होने पर उन्होंने उसकी हत्या कर दी। खंडासा थाना प्रभारी संदीप कुमार सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर पति श्रवण कुमार, ससुर गया प्रसाद व सास गंगाजली के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# श्री अग्रवाल सेवा समिति द्वारा 29 वां विशाल वार्षिक उत्सव 5 जनवरी को अग्रसेन भवन में होगा: बजरंग गर्ग



वेलकम इंडिया

**हरियाणा/हिसार।** श्री अग्रवाल सेवा समिति की मीटिंग समिति के संरक्षक व अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। इस मीटिंग में समिति द्वारा 5 जनवरी 2025 को अग्रसेन भवन में 29 वां वार्षिक उत्सव की तैयारियों के लिए ड्युटियां लगाई गई। श्री अग्रवाल सेवा समिति के संरक्षक बजरंग गर्ग ने कहा कि श्री अग्रवाल सेवा समिति द्वारा 29 वां विशाल वार्षिक उत्सव 5 जनवरी 2025 को होगा। जिसमें स्कूल की छात्र-छात्रों द्वारा भव्य संस्कृतिक कार्यक्रम किया जाएगा।

जिसमें भारी संख्या में वैश्य समाज के प्रतिनिधि परिवार सहित भाग लेगें। समिति लगभग 35 सालों से समाजिक व धार्मिक कार्यो में लगी हुई है। जिसमें हर महीने जरूरतमंद परिवारों का राशन देना, फ्री ईलाज करवाना, जरूरतमंद कन्याओं की शादी में सहयोग करना, घरेलू जरूरत का समान देने के साथ-साथ अनेकों प्रकार की सहयाता की जा रही है। नर सेवा नारायण सेवा है नर सेवा से सभी देवी-देवता प्रसन्न होते है। समिति के पदाधिकारी व सदस्यगण समाज की हर संस्थाओं में अपना पुरा योगदान दे रहे है। श्री अग्रवाल सेवा समिति वैश्य समाज को आगे बढ़ाने का काम कर रही है।

इस मीटिंग समिति के प्रधान शिव कुमार गोयल, महासचिव राजीव सिंगल, उपप्रधान सुरेंद्र कुमार गर्ग, कोषाध्यक्ष वेद प्रकाश बंसल, कार्यक्रम प्रभारी सुरेंद्र सिंगल, सतेंद्र गोयल, अमर गोयल, अनाज मंडी एसोसिएशन के जिला प्रधान पवन गर्ग आदि प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखें।

# मुख्यमंत्री योगी ने कुमारगंज आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय पहुंच कर टटोली कार्यकर्ताओं की नब्ज दिया जीत का मंत्र

वेलकम इंडिया



**मिल्कीपुर अयोध्या।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज संगठनात्मक बैठक के लिए पहुंचे, कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम हाल में हुआ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या का गौरव 500 वर्ष के बाद वापस आया है, अयोध्या के लोगों को सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। राम मंदिर बनने के बाद भी अयोध्या का सांसद हार जाता है, उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी मोईद खान को अपने सिर पर रखती है। उन्होंने कहा कि राम की परंपरा विकास की परम्परा है, राम की परम्परा सबका साथ है। बाबर की परम्परा बेटी की सुरक्षा पर खतरा, व्यापारियों पर खतरा, किसानों पर खतरा बताते हुए संभल का जिक्र करते हुए कहा कि 1976 को याद करो जहां कभी हिंदू नहीं जा पाए थे। वहां पुलिस चौकी बन रही है मंदिर निकल रही है, आपको आस्था से वंचित रखा गया जो अब भाजपा दिलाने का काम कर रही है।

सीएम योगी ने कार्यक्रम में पहुंचे ग्राम प्रधानों जनप्रतिनिधियों पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिस ग्राम पंचायत में सबसे ज्यादा वोट किया जाएगा वहां के बूथ प्रमुखों शक्ति केंद्र अध्यक्षों को सम्मानित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि गन्ना किसानों का सरकार पूरा भुगतान किया, सरकार 2500 हजार करोड़ की मुफ्त बिजली किसानों को दे रही है, योगी ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि संविधान की डुग्गी पीट कर लोगों में भ्रम फैला रहे है। इसके साथ ही उन्होंने अपनी सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा कि आज हर गांव आत्मनिर्भर बन रहा है। सीएम ने संवाद के दौरान अमानीगंज और हैरिंग्टनगंज विकासखंड के ग्राम प्रधानों से एक एक कर जानकारी ली। और मिल्कीपुर उपचुनाव जीतने के मंत्र दिए।

बैठक में प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, स्वास्थ्य राज्य मत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, खाद एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा, दयाशंकर मिश्र दयालु, खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव, सहकारिता मंत्री जेपी एस राठौर, महापौर अयोध्या गिरीश पति त्रिपाठी, रुदौली विधायक रामचंद्र यादव, सदर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, बीकापुर विधायक डॉ अमित सिंह चौहान, पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा, भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता चंद्रबली सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने विभिन्न निर्माणाधीन परियोजनाओं का किया स्थलीय निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने आज जनपद में विभिन्न निमार्णाधीन परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया एवं अधिकारियों तथा कार्यदायी संस्थाओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सर्वप्रथम जिलाधिकारी ने सीएचसी अमेठी परिसर में बन रहे ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट लैब का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भवन का कार्य पूर्ण पाया गया, किंतु छिटपुट कार्य चलते पाए गए जिसको लेकर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी व संबंधित निर्माण इकाई को निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त निर्माण कार्यों की गुणवत्ता जांच लें, उनमें लगने वाले समस्त सामान/उपकरण मानक के अनुरूप हो। जिलाधिकारी ने निर्माण इकाई को निर्देशित करते हुए कहा कि जो भी टाइल्स व लाइट खराब है उन्हें शीघ्र बदलवाया जाए तथा सिंक/वॉश बेसिन के लीकेज को ठीक कराने को कहा तथा साफ सफाई का विशेष ख्याल रखने को निर्देशित किया। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अमेठी में प्रोजेक्ट अलंकरण के तहत कराए जा रहे अनुरक्षण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौके पर कार्य बंद पाया गया जिस पर जिलाधिकारी ने शीघ्र निर्माण की कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों व निर्माण इकाई को दिया। जिलाधिकारी ने प्रधानाचार्य जीजीआईसी को कॉलेज परिसर में साफ सफाई कराए जाने के निर्देश दिए एवं अन्य सुविधाओं का जायजा लिया इसके उपरांत जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत बाहापुर में निमार्णाधीन एएनएम सेंटर तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण कर निर्माण कार्य का जायजा लिया एवं संबंधित कार्यदायी संस्था को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह प्राचार्य जीजीआईसी अमेठी, निर्माण इकाई के अधिशासी अभियंता हरिओम मिश्रा सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# सांसद किशोरी लाल शर्मा ने जनसुनवाई, किसान न्याय यात्रा बैठक और कंबल वितरण कार्यक्रम में भाग लिया

वेलकम इंडिया



**अमेठी।** सांसद किशोरी लाल शर्मा ने आज अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत गौरीगंज में जनता से मुलाकात की और विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक कार्यक्रमों में भाग लिया। सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में उन्होंने क्षेत्रीय निवासियों की समस्याओं को सुना और समाधान का भरोसा दिलाया।

इसके बाद किसान सम्मान न्याय यात्रा की तैयारी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रयागराज मंडल के पर्यवेक्षक दीपक शर्मा भी शामिल हुए। बैठक के दौरान किसानों के मुद्दों पर चर्चा हुई और न्याय यात्रा को सफल बनाने के लिए रणनीतियां बनाई गईं। सांसद ने इस अवसर पर किसानों के हित में कांग्रेस पार्टी की प्रतिबद्धता को दोहराया।

बैठक के बाद सांसद किशोरी लाल शर्मा ने वृद्धाश्रम, गौरीगंज में आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में भाग लिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अमेठी और रायबरेली में सेवा की परंपरा गांधी परिवार की प्रेरणा से चल रही है। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने हमेशा जरूरतमंदों की सहायता की है और यह परंपरा आज भी कायम है। उन्होंने बताया कि जो कंबल वितरित किए गए हैं, वे गांधी परिवार द्वारा भेजे गए हैं।

कार्यक्रम के अंत में सांसद ने वृद्धजनों को सुखमय जीवन की शुभकामनाएं दीं और उनकी हरसंभव सहायता का भरोसा दिया।

इस जानकारी को अमेठी कांग्रेस कार्यालय के प्रवक्ता अनिल सिंह ने साझा किया। उन्होंने बताया कि गांधी परिवार की यह सेवा परंपरा जरूरतमंदों के प्रति उनकी संवेदनशीलता को दर्शाती है। अनिल सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता और किसानों के साथ खड़ी रही है और यह कार्यक्रम उसी का प्रमाण है।

## जिलाधिकारी ने जॉगिंग संग प्लॉगिंग को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**बागेश्वर।** 38वें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन को लेकर जनपद काफी उत्साह है। आमजन को राष्ट्रीय खेलों से जोड़ने के लिए जिले में जॉगिंग संग प्लॉगिंग का आयोजन किया गया।शनिवार को जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने पिंडारी रोड़ पीडब्ल्यूडी तिराहा से जॉगिंग संग प्लॉगिंग को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसके तहत आम लोगों को जॉगिंग के साथ-साथ प्लॉगिंग के लिए भी प्रेरित किया गया। जॉगिंग संग प्लॉगिंग में अधिकारियों, कर्मचारियों,एनसीसी कैडिटों के साथ ही अन्य लोगों ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया। प्लॉगिंग के दौरान जॉगिंग करते हुए रास्ते में मिलने वाला कूड़े को बैग में भरकर उचित निस्तारण के लिए नगर पालिका को सौंपा गया। जिलाधिकारी भटगांई ने कहा कि जॉगिंग संग प्लॉगिंग अभियान से जिले के आम लोगों को राष्ट्रीय खेलों से जोड़ने एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

# धौलाना तहसील में उपजिलाधिकारी विधायक ने बांटे गरीबों को कंबल



**हापुड़।** जनपद तहसील धौलाना सर्दी का प्रकोप शुरू हो चुका है और गरीब असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को सर्दी सताने लगी है।वहीं सरकार ने उनकी सुरक्षा का इंतजाम किया है।धौलाना तहसील प्रशासन की ओर से कंबल खरीद लिये गये हैं।जिनका वितरण धौलाना विधायक धर्मेश सिंह तोमर, धौलाना उप जिलाधिकारी लवी त्रिपाठी, तहसीलदार प्रवेश कुमार के द्वारा शुरू किया गया।शुक्रवार को तहसील सभागार में निःशुल्क कंबल वितरण का कार्यक्रम राजस्व विभाग की ओर से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक धर्मेश सिंह तोमर ने क्षेत्र के करीब सौ से अधिक गरीब एवं असहाय और दिव्यांगों के साथ-साथ जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए।इस दौरान कंबल पाकर गरीबों के चेहरे खुशी के खिल उठे।कंबल वितरण के बाद क्षेत्र की जनता को संबोधित करते हुए विधायक धर्मेश सिंह तोमर ने कहा कि भाजपा सरकार का उद्देश्य सभी जरूरतमंदों को कड़ाके की ठंड से बचाने के लिए हरसंभव सहायता प्रदान करना है।उन्होंने कहा कि यह सरकार गरीबों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए प्रतिबद्ध है।सरकार की मंशा है कि हर गरीब तक वह सुविधाएं पहुंचे जिनका वह हकदार है।सरकार हर वर्ग के विकास के लिए तेजी से काम कर रही है।कंबल वितरण में सयोग के रूप से धौलाना लेखपाल निर्देश पाल, लेखपाल मोहिनी गुप्ता सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## समाधान दिवस में आने वाले पीड़ितो की फरियाद का निस्तारण करना पहली प्राथमिकता: एसडीएम



**हापुड़।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के द्वारा पीड़ितो की शिकायतों का तत्काल निराकरण करने को लेकर थाना समाधान दिवस आयोजित किया जाता है। इसी क्रम में हापुड़ नगर पालिका परिषद में आयोजित किए गए। समाधान दिवस में सदर एसडीएम अंकित वर्मा के द्वारा पीड़ितो की फरियाद को प्राथमिकता के आधार पर सुना गया। जिसमें कुल 25 शिकायतें आई। जिसमें 4 शिकायतो का तत्काल मौके पर निस्तारण कराया गया। तों वहीं सरकार की मंशा के अनुरूप शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

# यादव व राय समाज के ऊपर अभद्र टिप्पणी को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दिया ज्ञापन

वेलकम इंडिया



**झांसी।** समाजवादी पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष विश्व प्रताप सिंह यादव ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से एक वीडियो संज्ञान में आया है जिसमें एक व्यक्ति जिसका नाम अंकित ठाकुर बताया जा रहा है जो झांसी जनपद का रहने वाला है और भाजपा का पदाधिकारी बताया गया है बह एक सरकारी कर्मचारी की मारपीट कर रहा है जिसका नाम मंगल चौकीदार बताया जा रहा है बह अनुसंधान एवं नियोजन खण्ड सिंचाई विभाग का कर्मचारी है बीजेपी नेता अंकुर ठाकुर नाम के व्यक्ति ने सरकारी कर्मचारी मंगल चौकीदार को उसके ऑफिस में सभी कर्मचारियों के सामने ऑन ड्यूटी कर्मचारी को ऑफिस में घुसकर मारा और वह पूरी यादव समाज ब पूरी राय समाज के ऊपर अभद्र टिप्पणी व गाली गलौज कर रहा है ऐसे लोग समाज के लिए बहुत घातक है और समाज में स्थापित शांति को भंग करने का प्रयतन कर रहा है इस व्यक्ति का इस तरह से गाली देना यादव समाज को उकसाने के लिय किया गया कृत्य है। सोशल मीडिया पर चल रहे वीडियो को संज्ञान में लेकर उक्त व्यक्ति अंकित ठाकुर ब उसके साथियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही करें। इस अवसर पर

विश्व प्रताप सिंह यादव जिलाध्यक्ष समाजवादी युवजनसभा .,आदित्य प्रताप ( अढ) राष्ट्रीय सचिव समाजवादी युवजन सभा, ऋषभ यादव, राहुल महालया. एंड.दीपू( बाबल टाडा )रोहित सिंह पारीक्षा दीपक अहिरवार, तरुण यादव( मोनू ) ,राहुल यादव ( सदर ), जितेंद्र यादव,. राहुल सीपरी ,अमित नगरा, बॉबी यादव खिरिया ,प्रशान्त पिपरा, अमन यादव ,नीलेश राय, जयदेव शिवहरे , राजकुमार राय, चंचल हंसारी सहित आदि समाजवादी युवजन सभा के कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## कड़ाके की ठंड में 2 दिन से खुले आसमान के नीचे रात गुजर रहा बेसहारा बुजुर्ग

**बुलंदशहर।** शिकारपुर क्षेत्र में लगातार पड़ रही कड़ाके की ठंड में मेरठ बदायूं हाईवे पर तहसील के निकट एक बुजुर्ग व्यक्ति खुले आसमान के नीचे 2 दिन से रात बिता रहा था जबकि इस हाइवे से प्रशासन के अधिकारियों की अनगिनत गाड़ियां निकलती हैं और इस गरीब व्यक्ति पर किसी की नजर नहीं पड़ी लेकिन शनिवार सुबह को मीडिया कर्मियों की गाड़ी यहां से गुजर रही थी उनकी नजर इस बेसहारा व्यक्ति पर पड़ी जो कि खुले आसमान में कड़ाके की ठंड में हाईवे के किनारे सो रहा था जैसे ही मीडिया कर्मियों ने इसकी कवरेज शुरू की तो सड़क पर लोगों की भीड़ शुरू हो गई और देखते ही देखते यह मामला तहसील में संपूर्ण समाधान में फरियादियों की शिकायत सुन रहे एसडीएम के पास पहुंची जब मीडिया कर्मियों ने एसडीएम से इस संबंध में वार्ता की तो उन्होंने ऐसे किसी व्यक्ति को खुले में सोने से बेखबर बताया लेकिन एसडीएम ने तत्काल संज्ञान लेते हुए दो कानूनगो को मौके पर भेजकर जांच कराई तो मामला सही निकला।

# तहसील बार एसोसिएशन के चुनाव के लिए पर्चों की बिक्री प्रक्रिया संपन्न

वेलकम इंडिया

**टाण्डा जिला रामपुर।** बार वेलफेयर एसोसिएशन की वार्षिक चुनाव प्रक्रिया के दौरान दूसरे दिन शनिवार को भी पर्चों की बिक्री हुई।पहले दिन शुक्रवार को भी कई पर्चों की बिक्री हुई थी।

बार वेलफेयर एसोसिएशन तहसील टाण्डा के वार्षिक चुनाव के लिए पर्चों की खरीदारी शनिवार को दूसरे दिन मुकम्मल हो गयी।चुनावी मैदान में उतरे प्रत्याशियों में अध्यक्ष पद के लिए कुंवर संजय कुमार एडवोकेट ,श्योराज सिंह एडवोकेट और सतपाल सिंह एडवोकेट, महासचिव पद के लिए मुबस्सर अली एडवोकेट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए जसपाल सिंह एडवोकेट, कनिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए धर्मवीर सिंह एडवोकेट, कोषाध्यक्ष पद के लिए सतवीर सिंह चौहान एडवोकेट, प्रभु सिंह एडवोकेट, संयुक्त सचिव प्रशासन के लिए मोहम्मद अनीस एडवोकेट एवं संयुक्त सचिव प्रचार के लिए तेजवीर सिंह एडवोकेट, पुस्तकालय अध्यक्ष पद के लिए कादिर अली ने पर्चों की खरीदारी की।चुनाव अधिकारी समर सिंह चौहान एडवोकेट और सहायक चुनाव अधिकारी पृथी सिंह एडवोकेट ने बताया कि बार वेलफेयर एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव के लिए शनिवार नामांकन पत्रों की खरीदारी का अंतिम दिन था।शाम चार बजे तक विभिन्न पदों के इच्छुक प्रत्याशियों द्वारा पर्चों की खरीदारी की गयी। उन्होंने बताया कि 7 जनवरी को नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे, 8 जनवरी को पर्चों पर आपत्ति दाखिल होगी, जबकि इसी दिन आपत्तियों की जांच एवं निस्तारण होगा।

# मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने किया सीएचसी इंदिरा नगर का निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**लखनऊ।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एन.बी.सिंह ने शनिवार को शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) इंदिरा नगर का औचक निरीक्षण किया इस दौरान ओपीडी में और वार्ड में जाकर मरीजों और तीमारदारों से भेंट कर हाल चाल लिया, उनसे सीएचसी पर मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने लेबर रूम, पैथोलोजी, एक्सरे रूम आदि का भी निरीक्षण किया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सीएचसी अधीक्षक और उपस्थित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों से कहा कि लोगों में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति विश्वास जगाना बहुत आवश्यक है। इसके लिए जरूरी है कि एक तो उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी हो और दूसरा उनके साथ स्वास्थ्य कर्मियों का व्यवहार सरल और दोस्ताना हो, उन्हें यह विश्वास हो कि सीएचसी पर उनकी स्वास्थ्य समस्या का निदान हो जायेगा और उनके साथ किसी भी तरह का दुर्व्यवहार नहीं किया जायेगा। डा. सिंह ने कहा कि कड़ाके की ठंड में सीएचसी पर ठंड से बचाव के पुख्ता इंतजाम करें, इसको लेकर किसी भी मरीज या उसके तीमदारदार को कोई शिकायत का मौका न मिले। सीएचसी पर साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त हों।इसके साथ ही सीएचसी पर ओरल हेल्थ कैंप लगाया गया जिसमें 103 मरीजों ने अपनी जांच करायी। इस मौके पर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.ए.पी.सिंह, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी योगेश रघुवंशी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सतीश यादव तथा अन्य स्वास्थ्य अधिकारी और कमचारी मौजूद रहे।

# झाँसी में जल्द मिलेगा सिविल सर्विसेज सहित अन्य सरकारी सेवा में नौकरी की तैयारी करने का मार्गदर्शन: पल्लवी सिंह

वेलकम इंडिया



**झाँसी ।** बुंदेलखंड में प्रतिभायो की कमी कमी नहीं रही है यहां से राष्ट्र कवि मैथली शरण गुप्त, व्रन्दावन लाल वर्मा जैसे राष्ट्र कवि निकले हैं तो खेल के क्षेत्र में मेजर ध्यानचंद का नाम आज भी बड़े सम्मान से लिया जाता रहा है वही महिलाये भी इस वीर भूमि बुंदेलखंड में पीछे नही रही झाँसी की रानी लक्ष्मी बाई, तो फिल्म क्षेत्र में रानी मुखर्जी ,राजा बुंदेला आदि सहित कई हस्तियों ने बुंदेलखंड का नाम रोशन किया यह क्षेत्र कृषि प्रधान क्षेत्र रहा है अधिकांश किसानों के बालक बालिकाएं ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा की कमी होने के कारण शहर का रुख कर लेते है और अधिक उच्य शिक्षा के लिए उनको बड़े बड़े शहरों जैसे कोटा, प्रयाग राज, लखनऊ, नोयडा दिल्ली जैसी महानगरों में आगे की शिक्षा प्राप्त करनी पड़ रही है जिससे उनको वेहद परेशानियों का सामना करना पड़ता है

इन्ही समस्याओं को देखते हुए महानगर में शिक्षा के क्षेत्र में अलग ही पहचान वनाये हुए आकर आईएस की फाउंडर पल्लवी सिंह ने वताया की बुंदेलखंड जैसे क्षेत्र में ब्रान्च शुरू करने का विचार लिया गया है जिससे यहाँ के छात्र छात्राओं को उच्य शिक्षा ,तैयारी के लिए बड़े शहरों का रुख न करना पड़े उन्होंने बताया की बुंदेलखंड में शिक्षा का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है पर यहाँ आर्थिक तंगी की बजह से होंनहार छात्रों को आगे बढ़ने का मौका नहीं मिल पाता है इस लिए अगर जब छात्र छात्रायों को अनुभवी स्टाफ द्वारा उनके ही क्षेत्र में शिक्षा ग्रहण करने का अवसर मिलेगा । आकार आईएस लगातार अच्छे परिणाम देता आ रहा है जिसके चलते सेकड़ो की संख्या में छात्र छात्राये विभिन्न क्षेत्र में चयनित होकर देश सेवा में समर्पित है

आकार आईएएस की फाउंडर पल्लवी सिंह ने बताया कि बालिकाओं को शिक्षित करने के साथ साथ उनका प्रोत्साहित करके आगे बढ़ाने में हम सभी मार्गदर्शन देते रहते है जिससे लडकिया भी देश सेवा में किसी भी क्षेत्र में पीछे न रहे इस लिए 50 लड़कियों को नियमानुसार निःशुक्ल शिक्षा देते आ रहे है।

# महाकुंभ-25 के दौरान गाड़ियों के आवागमन में अधिक सुगमता होगी, समयपालन एवं संरक्षा में होगी वृद्धि

वेलकम इंडिया



**लखनऊ।** उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के उग्रसेनपुर-फूलपुर- सरायचंडी-थरवई-फाफामऊ रेलपथ के 32.17 किमी. के दोहरीकृत एवं विद्युतीकृत रेल मार्ग के संपन्न किए गए कार्य का निरीक्षण रेल संरक्षा आयुक्त, उत्तर परिमंडल, दिनेश चंद देशवाल ने किया क आज के इस दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण कार्य के उपरांत जंघई से फाफामऊ जं. (46.79 डट) का पूरा रेलखंड दोहरीकृत एवं विद्युतीकृत हो जाएगा। ज्ञात हो कि इस रेलखंड पर जंघई जं.- बरियाराम-उग्रसेनपुर रेलखंड के 14.62 किमी. रेलपथ के दोहरीकृत एवं विद्युतीकृत रेल मार्ग के कार्य की कमीशनिंग का कार्य पूर्व में रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा किया जा चुका है। आज के निरीक्षण के बाद स्वीकृति मिलने पर इस पूरे दोहरीकृत/विद्युतीकृत रेलखंड पर गाड़ियों का परिचालन संभव हो सकेगा ह्ल इस कार्य के उपरांत इस रेलखंड से होकर गुजरने वाली ट्रेनों के संचालन में सुधार तथा समय की बचत होगी साथ ही दुर्घटनाओं की संभावना भी कम होगी। इसके साथ ही महाकुंभ के दौरान उस रेलपथ पर गाड़ियों का आवागमन और अधिक सुगमतापूर्वक हो सकेगा।

अपने इस निरीक्षण के दौरान रेल संरक्षा आयुक्त, उत्तर परिमंडल, दिनेश चंद देशवाल ने उग्रसेनपुर, फूलपुर, सरायचंडी, थरवई एवं फाफामऊ स्टेशनों पर स्थित रिले रूम, कढर रूम, संरक्षा संबंधी कार्यालयों व अभिलेखों, संरक्षा के सभी आवश्यक मानकों, संसाधनों, उपकरणों इत्यादि का विधिवत निरीक्षण किया। उन्होंने मोटरट्राली द्वारा उग्रसेनपुर से फाफामऊ के मध्य निरीक्षण करते हुए रेलपथ सहित अन्य समस्त आवश्यक प्रक्रियाओं को गहनता से परखा। उन्होंने मार्ग में पड़ने वाले ब्रिज संख्या 108, कर्व संख्या 4छ, लेवल क्रॉसिंग संख्या 26उ, ब्रिज संख्या 131 अ, टर्नआउट 43इ, ब्रिज संख्या 148अ का निरीक्षण किया तथा सिग्नलिंग व्यवस्था तथा रेलपथ संरक्षा की व्यवस्थाओं को देखा और इस संबंध में अपने आवश्यक सुझाव एवं निर्देश पारित दिये। इसके उपरांत रेल संरक्षा आयुक्त ने फाफामऊ से उग्रसेनपुर तथा उग्रसेनपुर से फाफामऊ के मध्य दोनों दिशाओं में स्पीड ट्रायल लिया और रेल परिचालन एवं संरक्षा संबंधी सभी नियमों का पूर्णतया पालन करते हुए कार्य करने की बात कही। इस निरीक्षण में रेल संरक्षा आयुक्त के साथ मंडल रेल प्रबंधक, एस.एम. शर्मा, चीफ ब्रिज इंजीनियर, सुरेश कुमार सपरा, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण), श्याम सिंह एवं विभिन्न विभागों के शाखाध्यक्ष, अन्य यूनिटों के उच्चाधिकारियों सहित अनेक रेलकर्मी उपस्थित रहे।

# एंटी करप्शन टीम की मनमानी पर लेखपालों का धरना

वेलकम इंडिया



**टाण्डा जिला रामपुर।** स्थानीय तहसील में शनिवार को लेखपालों ने धरना प्रदर्शन किया और एंटी करप्शन टीम द्वारा लेखपालों को विभिन्न मामलों में गलत तरीके से फंसाए जाने का आरोप लगाते हुए विरोध किया।लेखपालों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपकर एंटी करप्शन टीम की मनमानी पर अंकुश लगाए जाने की मांग की।

लेखपालों ने एंटी करप्शन टीम की मनमानी एवं गलत कार्रवाई का विरोध करते हुए शनिवार को तहसील में धरना प्रदर्शन किया।मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी विकास कुमार वर्मा को सौंपा।जिसमें कहा गया है कि लेखपाल राजस्व विभाग का अहम कर्मचारी है। जनता के भूमि विवाद सहित अनेक मामलों का निस्तारण लेखपाल के माध्यम से किया जाता है।ऐसे में विवाद के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण से एक पक्ष का असंतुष्ट होना स्वाभाविक है।नाराज पक्ष लेखपाल से रंजिश रखता है।लेखपाल को क्षेत्र की राजनीति में भी घसीटने का प्रयास किया जाता है।ज्ञापन में कहा गया है कि असंतुष्ट पक्ष द्वारा एंटी करप्शन टीम के जरिए लेखपाल को जूठे मामलों में फंसाने एवं पकड़वाने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है।ऐसे ही कई फर्जी मामलों में लेखपालों को गिरफ्तार भी किया जा चुका है।

लखनऊ की तहसील सरोजनी नगर और जनपद महाराजगंज में लेखपालों को साजिश के तहत गलत त ?ीके से फंसाया गया है।फर्जी ट्रैपिंग की कार्रवाई से प्रदेश के लेखपालों में आक्रोश व्याप्त है।लेखपालों ने मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में एंटीकरप्शन टीम की मनमानी पर रोक लगाए जाने की मांग की है।

इस अवसर पर कुंन्दन सिंह तहसील अध्यक्ष, नवीन कम्बोज तहसील मंत्री, रामचरण सिंह, अशोक कुमार, मोनू कुमार, अंकित सक्सेना, दीपक कुमार चौहान, शम्भू कुमार, रिचा सक्सेना, सरिता पाल, सुगंध प्रताप सिंह, शाहनवाज, इमरान, अरुण, दीपक चौहान आदि लेखपाल मौजूद रहे।

# कांग्रेस छोड़ने ही मथुरा दत्त जोशी ने अजवाइन की भारतीय जनता पार्टी

वेलकम इंडिया



**देहरादून।** पत्नी को मेयर पद के लिए टिकट देने से थे नाराज मात्र 10 जोशी ने कांग्रेस की सदस्यता से इस्तीफा देकर निकाय चुनाव से पहले उत्तराखंड कांग्रेस को बड़ा झटका दे दिया है कांग्रेस के तीन बड़े नेताओं ने बीजेपी ज्वाइन की है यह तीनों ही नेता कुमाऊँ मंडल के हैं इन तीनों नेताओं के बीजेपी में शामिल होने से हरीश रावत की साख को भी बड़ा झटका लगा है कांग्रेस नेता हरीश रावत कुमाऊं से ही आते हैं उत्तराखंड में कांग्रेस संगठन का दारू मदर हरीश रावत के कंधों पर ही है हरीश रावत की उत्तराखंड कांग्रेस में एक सर्वमान्य नेता है ऐसे में उन्हीं के इलाके से बड़े कांग्रेसी नेताओं का बीजेपी में शामिल होना हरीश रावत के लिए भी काफी बुरी खबर है मथुरादास जोशी की गिनती कांग्रेस के सीन नेताओं में होती है वह कांग्रेस के कुशल प्रवक्ता थे साथी मथुरा दत्त जोशी एक कुशल राजनेता थे उन्होंने निकाय चुनाव में पिथौरागढ़ से अपनी पत्नी के लिए मेयर का टिकट मांगा था उन्हें उम्मीद थी कि कांग्रेस इतने सालों की सेवा का फल टिकट के रूप में उन्हें देगी मगर ऐसा नहीं हुआ लेकिन सभी के टिकट पर हस्ताक्षर करने वाले मथुरा जज जोशी को ही पार्टी ने निराश कर दिया है अब मथुरा दत्त जोशी ने पार्टी के तमाम बड़े नेताओं के खिलाफ आवाज उठाई है कांग्रेस संगठन ने मथुरा दत्त जोशी की मांग को दरकिनार करते हुए किसी और को टिकट दिया जिसके बाद मथुरा दत्त जोशी भाग हो गए उन्होंने पार्टी नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए इसके बाद आज मथुरा दत्त जोशी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की मौजूदगी वह प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की मौजूदगी में बीजेपी ज्वाइन की।

# जिलाधिकारी ने किया उत्तरायणी मेले की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,जिलाधिकारी** आशीष भटगांई ने देश प्रदेश में अपनी ऐतिहासिक,पौराणिक व धार्मिक दृष्टि से विशेष महत्व रखने वाले उत्तरायणी मेले की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया। जिलाधिकारी ने मेले को भव्य रूप दिए जाने को लेकर नुमाईश खेत में मंच स्थल का निरीक्षण करते हुए कहा कि मंच को सुरक्षित एवं आकर्षक बनाते हुए मेलार्थियों के बैठने का उचित प्रबन्ध टेंट आदि को समय से स्थापित किया जाए। उन्होंने कहा कि मैदान के किनारे लगने वाली दुकानों एवं अन्य मनोरंजन सामाग्रियों को सुव्यवस्थित रूप से स्थापित करते हुए मेलार्थियों के आवागमन के लिए प्रयाप्त स्थान छोड़ा जाए।ऐतिहासिक,पौराणिक व धार्मिक उत्तरायणी मेले को भव्य रूप देने एवं मेलार्थियों व श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करने पड़े, इस हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थायें समय रहते सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने उसके बाद मेले स्थल एवं स्नान घाटों में चल रहे सौंदर्यीकरण के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने सरयू घाट के नदी के दोनों ओर वाल पेंटिंग करने के साथ ही सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। सरयू व गोमती नदी में निमार्णाधीन अस्थायी लॉक ब्रिज के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश देते हुए मेले के दौरान सुरक्षा के दृष्टिगत पुल के दोनों ओर सुरक्षा जवानों की तैनाती करने के निर्देश दिए। मेले के दौरान आयोजित होने वाली विभिन्न खेल गतिविधियों के साथ ही सरयू घाट में आयोजित होने वाले दंगल प्रतियोगिता में भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्नान घाट पर सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के साथ ही वहां स्थापित महिला चेजिंग रूम में पेंट करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण मेले अवधि में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश ईओ को दिए है। जिलाधिकारी ने बागनाथ मंदिर समिति को मंदिर परिसर में सफाई व्यवस्था एवं मंदिर को फूलों से सजावट आदि करने को कहा। निरीक्षण के दौरान एसडीएम मोनिका,तहसीलदार दलीप सिंह बिष्ट,ईई पीडब्ल्यूडी संजय पांडेय,सहायक अधिषासी अधिकारी हयात सिंह परिहार पालिका अवर अभियंता चंद्रकांत टम्टा, सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के 358वें प्रकाश पर्व पर 18वां महान गुरमत समागम



वेलकम इंडिया

**नूरपुर।** श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के 358वें प्रकाश पर्व पर भाई संगत सिंह सेवा दल द्वारा 18वां महान गुरमत समागम धूमधाम से मनाया गया। समागम में दूर-दराज से आई संगत को पंथ के महान रागी और कथावाचकों ने गुरबाणी से निहाल किया। खालसा इंटर कॉलेज के प्रांगण में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की हजूरी में भाई संगत सिंह सेवा दल द्वारा आयोजित 18वां महान गुरमत समागम श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के 358वे प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में मनाया गया। समागम का उद्देश्य गुरु जी की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाना और सिख समुदाय को एकजुट करना था। खालसा इंटर कॉलेज का प्रांगण श्रद्धालुओं से खचाखच भरा हुआ था। सिक्ख पंथ के प्रसिद्ध रागी और कथावाचकों ने अपनी मधुर वाणी से गुरबाणी का पाठ और कीर्तन से वातावरण भक्तिमय बना दिया। संगत ने पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ कीर्तन का आनंद लिया। बिजनौर , खासपुर, राहूनंगली, हसूपुरा, राजा का ताजपुर सहित दूरदराज से आई संगत ने समागम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। समागम के दौरान, भाई संगत सिंह सेवा दल के पदाधिकारियों ने गुरु घर के सेवादारों, गणमान्य व्यक्तियों और पत्रकारों को सम्मानित किया। भाई संगत सिंह सेवा दल ने इस समागम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने समागम के आयोजन के लिए दिन-रात मेहनत की और सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कीं।

# सामान्य ज्ञान प्रतिभा खोज प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन




वेलकम इंडिया

**बिस्कोहर/सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत बिस्कोहर स्थित बीआईसीटी कैंपस में शनिवार को क्षेत्र के माध्यमिक एवं इंटर में पढ़ रहे छात्रों के लिए एक सामान्य ज्ञान प्रतिभा खोज प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया। जूनियर और सीनियर स्तर की आयोजित इस प्रतियोगिता में सर्वोदय इंटर कालेज डोकम अमया, कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बिस्कोहर , पूजा देवी दिव्य ज्ञान ज्योति विद्यालय , प्रभावती देवी कन्या इंटर कॉलेज कोहडोरा व संत मौनी दास इंटर कॉलेज रमवापुर के कुल 312 छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता परीक्षा में अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए भाग लिया। इस दौरान बीआईसीटी कैंपस के निदेशक आकाश मिश्रा ने सभी प्रतिभागियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामना देते हुए कहा कि प्रतियोगिता का परिणाम 2 फरवरी दिन रविवार को पुरस्कार वितरण समारोह के द्वारा घोषित किया जाएगा। इस मौके पर शिक्षक शिवेश, शिवा पाण्डेय, मोहम्मद इस्लाम, साक्षी मिश्रा , गरिमा , अमृता आदि मौजूद रहें।

# ऋषिकेश में 21 दुकानों पर चला एमडीडीए का पीला पंजा

वेलकम इंडिया



**देहरादून।** ऋषिकेश शहर में गंगानगर स्थित श्री भारत मंदिर स्कूल के मैदान में बिना नक्शा पास कारण बनाई गई 21 दुकानों पर मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण एमडीडीए की टीम ने बुलडोजर चला दिया है उम्मीद है कि शाम तक बुलडोजर सभी दुकानों को ध्वस्त कर देगा मौके पर सुरक्षा की दृष्टि से कोतवाली पुलिस और एक प्लाटून पीएसी तैनात की गई है ऋषिकेश के नायब तहसीलदार राजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि ऋषिकेश के गंगानगर स्थित श्री भारत मंदिर स्कूल के निकट बिना नक्शा पास के 21 दुकानें बनाई गई है इन दुकानों का नक्शा पास करने के लिए बिल्डर को कई बार नोटिस देकर समय दे दिया गया लेकिन बिल्डर ने नक्शा पास करने को लेकर कोई भी प्रक्रिया ठीक तरीके से नहीं की नोटिस पर नोटिस दिए जाने के बाद भी आखिर में पीठासीन अधिकारी ने दुकानों को ध्वज करने के आदेश पारित किया फिलहाल दो बुलडोजर दुकानों को दोस्त करने के लिए लगाए गए हैं कल 21 दुकानों को ध्वस्त किया जाना है सुरक्षा की दृष्टि से कोतवाली पुलिस और एक प्लाटून पीएसी को मौके पर बुलाया गया है कोतवाल राजेंद्र सिंह खोलिया ने बताया कि फिलहाल दुकानों के दोस्तीकरण की कार्यवाही के दौरान कोई विरोध नहीं हुआ है पुलिस और पीएसी मौके पर तैनात है आपको बता दें कि ऋषिकेश एमडीडीए के द्वारा की गई यह कार्यवाही अभी तक की सबसे बड़ी कार्यवाही है इससे पहले इस तरह के वशीकरण की कार्यवाही नहीं हुई है माही इस क्रिया के बाद बिना नक्शा पास के निर्माण करने वाले विद्रोह में हड़कंभ मचा हुआ है।



# भारतीय सेना से रिटायर होकर आए जवान का परिवार, साथियों एवं ग्रामवासियों ने किया भव्य स्वागत

**वाराणसी।** मिजार्मुराद थाना अंतर्गत अतरसुइया गांव के ओमकार सिंह भारतीय सेना में सूबेदार के पद पर थे, 1999 में कारगिल युद्ध में भी भूमिका निभाकर अपना योगदान भी दिए हैं, 1 जनवरी को अपने पद से सेवा–निवृत्त होकर वाराणसी आए वहीं परिवार के साथ उनके बेटे आशीतोष राणा एवं साथियों के साथ कैंट से शिवपुर तक माल्यार्पण कर काफिले के साथ आए, उसके पश्चात शिवपुर से अपने जन्मभूमि अतरसुइया पहुंचे वहां ग्रामवासियों ने भी भव्य स्वागत किया।

# उत्तराखंड के बदमाशों ने किया जिओ फाइबर कंपनी के मैनेजर का किडनैप

वेलकम इंडिया



**देहरादून।** यूपी के हाथरस जिले से जिओ फाइबर कंपनी के मैनेजर अभिनव भारद्वाज को किडनैप करने वाले बदमाशों का उत्तराखंड कनेक्शन सामने आया है किडनैपिंग के बाद बदमाशों ने अभिनव भारद्वाज को उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले में रखा था तीन बदमाश भी अल्मोड़ा के ही रहने वाले हैं एक बदमाश हो तो यूपी एसटीएफ स्पेशल टॉक पर के एनकाउंटर में गोली लगने से घायल हो गया वहीं अन्य दो आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने अभिनव भारद्वाज को उनके चंगुल से मुक्त कराया जिओ फाइबर कंपनी के मैनेजर अभिनव भारद्वाज उत्तर प्रदेश के हाथरस गेट थाना क्षेत्र के में रहते हैं 1 जनवरी दोपहर को अभिनव भारद्वाज सिकंदरा मऊ के लिए घर से निकले थे लेकिन इसके बाद वह घर नहीं लौटे परिवार जनों को चिंता हुई तो उन्होंने उनकी तलाश शुरू की उसके बाद अभिनव भारद्वाज की पत्नी ने पुलिस से संपर्क किया पुलिस की टीम भी अभिनव भारद्वाज की तलाश में जुट गई है लेकिन अभिनव भारद्वाज की कहानी से कोई खबर नहीं मिली तभी एक व्यक्ति ने परिवारजन से कहा कि अभिनव भारद्वाज का किडनैप हो गया था बदमाशों ने अभिनव भारद्वाज को छोड़ने के लिए 20 लख रुपए की विरोधी मांगी साथ ही धमकी दी कि पुलिस के पास गए तो अच्छा नहीं होगा बदमाशों ने खुद को दिल्ली के कुख्यात बदमाश टिल्लू ताजपुरिया गैंग का सदस्य बताया इसके बाद हाथरस पुलिस के साथ-साथ अप एसटीएफबी एक्टिव हुई बदमाशों को पकड़ने और अभिनव भारद्वाज को छुड़ाने के प्लान बनाया गया एसपी सिटी रणधीर सिंह ने बताया कि अभिनव भारद्वाज के परिवर्तन फिरौती की रकम लेकर यूपी के मुरादाबाद जिले में पहुंचे जैसे ही परिवार जनों ने बदमाशों को रकम दी तो यूपीएसटीएफ की नोएडा यूनिट भी बदमाशों के पीछे लग गई।

# कांग्रेस से बगावत कर निर्दलीय पालिकाध्यक्ष का चुनाव लड़ रहे बागी कवि को किया पार्टी से निष्कासित

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर।** बागेश्वर नगर पालिका अध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ रहे कांग्रेस के बागी प्रत्याशी कवि जोशी को पार्टी जिलाध्यक्ष भगत सिंह डसीला ने निष्कासित कर दिया है साथ ही कांग्रेस के नगर अध्यक्ष सुनील पांडे आदि को भी निष्कासित किया है उन्होंने कहा कि अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

पार्टी कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में जिलाध्यक्ष भगत सिंह डसीला ने जानकारी देते हुए बताया कि कवि जोशी को पूर्व में पालिकाध्यक्ष प्रत्याशी बनाया जिस पर सभी पदाधिकारी व कार्यकताओं ने इसका स्वागत किया परंतु बाद में प्रदेश नेतृत्व ने इसे संशोधित करके गीता रावल को प्रत्याशी बनाया जिसका भी सभी ने स्वागत किया।इसके बाद पार्टी में कोई नाराजगी नही थी, सभी नाराज कार्यकताओं की नाराजगी दूर करने के प्रयास किए जा रहे थे। परंतु कवि जोशी ने हठधर्मिता कर पार्टी प्रत्यासी के खिलाफ बागी प्रत्याशी के रूप में नामांकन कर दिया। जो कि पार्टी की अनुशासनहीनता है जिस कारण उन्हें पार्टी से मिले दायित्व से हटाकर उन्हें निष्कासित किया है व इसकी सूचना प्रदेश नेतृत्व को भेजी गई है। उन्होंने कहा कि नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुनील पांडे को भी निष्कासित किया है।कहा कि पार्टी एकजुट है। साथ ही कहा कि जो भी कार्यकर्ता कांग्रेस से बागी हुए बागी प्रत्याशी का साथ देगा या फिर पार्टी गतिविधियों में लिप्त पाया जाएगा उसके खिलाफ उचित अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण पूर्व जिलाध्यक्ष लोकमणि पाठक,राजेन्द्र टँगड़िया,व भगत रावल,विनोद पाठक आदि उपस्थित थे।

# उत्तराखंड के राज्यपाल ने 17088 छात्रों की उपाधि का डीजी लॉकर के माध्यम से किया शुभारम्भ

वेलकम इंडिया



**हल्द्वानी।** उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी के नवम दीक्षांत समारोह में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) ने 20 शिक्षार्थियों को विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक, 02 शिक्षार्थियों को कुलाधिपति स्वर्ण पदक, 13 छात्रों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई एवं 03 शिक्षार्थियों को प्रायोजित स्वर्ण पदक प्रदान किये गये। विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2023-24 शैक्षिक सत्र के विभिन्न शाखाओं के 17088 शिक्षार्थियों को स्नातक एवं स्नात्कोत्तर की उपाधि प्रदान की गई। दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने उड़ान पुस्तक का विमोचन किया साथ ही डा0 हेमचन्द्र को मानद उपाधि से सम्मानित किया। राज्यपाल द्वारा 17088 लोगों की उपाधि का डीजी लॉकर के माध्यम से शुभारम्भ किया।

शिक्षा के इस पावन उत्सव पर सभी को हार्दिक शुभकामनायें देते हुये राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कहा यह केवल एक दीक्षांत समारोह कार्यक्रम नहीं है अपितु यह एक ज्ञान, परिश्रम और साधना प्राप्त सभी उपलब्धियों का उत्सव है। उन्होंने कहा यह केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है बल्कि यह राष्ट्र के भविष्य को सशक्त करने की दिशा में एक ठोस कदम है। उन्होंने कहा उत्तराखण्ड सिलवर जुबली वर्ष मना रहा है इस नये वर्ष में हमने नये संकल्प लेने हैं जिससे प्रदेश एवं राष्ट्र की उन्नति में द्योतक हो। राज्यपाल ने कहा कि टेक्नोलाजी, रिसर्च, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और ड्रोन टेक्नोलाजी आदि तकनीकों के बल पर आगे बढ़ते हुए परिवर्तन की एक क्रांति लाएं। भारत के लिए ज्ञान-विज्ञान प्रणाली से नए रिकार्ड स्थापित करें। उन्होंने कहा कि अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि आज यहां उपाधि प्राप्त करने वालों में छात्राओं की संख्या अधिक है। यह दशार्ता है कि सरकार की बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के संकल्प की सिद्धि के रूप में परिलक्षित हो रही है। उन्होंने कहा बेटियां आज जिस तरह से मुकाम हासिल कर रही है जल्द ही सन-2047 में भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर हो रहा है और यह मुकाम जरूर हासिल होगा राज्यपाल श्री सिंह ने विवि की सराहना करके हुए कहा कि विवि दिव्यांगजनों हेतु अनेक कार्यक्रम संचालित कर रहा है।

# किसान आधार कार्ड खतौनी के साथ ही बिक्री केंद्र पर ले यूरिया-जिला कृषि अधिकारी

वेलकम इंडिया



**सिद्धार्थनगर।** जनपद में उर्वरकों की कालाबाजारी ,तस्करी ,अवैध भंडारण उर्वरक की अधिक बिक्री रोकने पर कार्यवाही की जा रही है । जिला कृषि अधिकारी मोहम्मद मुजम्मिल ने कहा कि जिलाधिकारी के निर्देश पर राजस्व विभाग एवं कृषि विभाग के अधिकारी ,एस एस बी तथा पुलिस टीम के साथ सीमावर्ती क्षेत्रों में लगातार छापेमारी की कार्यवाही की जा रही है जिला कृषि अधिकारी ने कहा कि चार जनवरी को 1150 मै टन इफको यूरिया की रैक प्राप्त हुई है जिसे जनपद के 32 सहकारी समितियों एवं आईएफएफडीसी केंद्रों को प्रेषित किया जा रहा है ।निजी क्षेत्रों को सी आई एल चंबल एवं एन एफ एल की रैक प्राप्त हुई है जिसे निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में वितरण कराया जा रहा है । जिला कृषि अधिकारी मोहम्मद मुजम्मिल ने किसानों से अपील भी किया है कि बिक्री केंद्रों पर अपना आधारकार्ड, खतौनी के साथ एवं पीओएस मशीन में अंगूठा लगाने के उपरांत प्राप्त पर्ची के अनुसार ही निर्धारित मूल्य पर उर्वरकों की खरीददारी करे ।

# संपूर्ण समाधान दिवस पर 53 में से चार शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** संपूर्ण समाधान दिवस पर मुख्य विकास अधिकारी अभिनव अग्रवाल व तहसीलदार रजत सिंह ने जनशिकायतें सुनी। प्राप्त 53 शिकायतों में से महज चार का ही मौके पर निस्तारण हो पाया। शेष को त्वरित कार्रवाई के लिए तत्संबंधित विभागों को भेज दिया गया।

इस अवसर पर रालोद नेताओं व किसानों की विभिन्न समस्याओं की तरफ प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि नगर पालिका परिषद मोदीनगर के अंतर्गत वार्ड न015 में कान्हा गौशाला के पास बहुत गंदगी फैली हुई है। जिस कारण आमजन तथा किसानों को आने जाने में बहुत दिक्कत होती है। तथा वहाँ लगे सरकारी नलकूप को भी नगर पालिका द्वारा तोड़ दिया गया। बार-बार कहने पर भी ठीक नहीं कराया गया। खंडजे के बराबर में गड्ढे मे अवशेषों को दबा दिया जाता है। जिस कारण वहाँ पर कुत्तों का झुंड रहता है तथा उन अवशेषों को उठाकर खंडजों पर लेकर घूमते रहते है सड़क से आने जाने वालों को कुत्ते काट लेते हैं। समस्या को देखते हुए नगर पालिका परिषद को समस्या का समाधान करने आदेश पारित करने की कृपा करें। ज्ञापन देने वालों में अरुण दहिया अजीत सिंह सत्येंद्र तोमर राम भरोसे लाल मौर्य आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर एसीपी (मोदीनगर) ज्ञानप्रकाश राय, उत्तर प्रदेश विद्युत निगम के मोदीनगर विद्युत वितरण खण्ड के अधिशासी अभियन्ता महेश उपाध्याय सहित कई सरकारी विभागों के सक्षम अधिकारी तथा रालोद नेता मौजूद थे।



## व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने ऑनलाइन व्यापार से संबंधित समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के तत्वाधान में व्यापार मंडल मोदीनगर अध्यक्ष अमित गोयल गोविंदपुरी व्यापार मंडल अध्यक्ष सतेन्द्र गुप्ता के नेतृत्व में ऑनलाइन व्यापार के संदर्भ में एक ज्ञापन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम तहसीलदार रजत सिंह को सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि आज देश के व्यापार में ऑनलाइन व्यापार की एक बड़े हिस्सा दरी सामने आ रही है जिस वजह से देश का खुदरा व्यापार संकट में है। मुख्य रूप से यह व्यापार मंडल के पदाधिकारी सतीश अग्रवाल, निर्दोष खटाना, पप्पन शर्मा, राहुल गुर्जर, सतेन्द्र गुप्ता, विजयनगर अध्यक्ष नरेंद्र कुमार, जगदीश मदान, बलराज गुर्जर, सोनू कुमार, अंकुर सक्सेना, विनोद गौतम, संजीव शर्मा आदि ने ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन देश के अलग-अलग जिलों के जिलाधिकारी एवं सांसदों के माध्यमों से 400 से ज्यादा जिलों में हमारे व्यापार मंडल ने प्रधानमंत्री के नाम का ज्ञापन दिया है।

## वैशाली में पब्लिक ने पकड़ा बैटरी चोर

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** पॉश कालोनी वैशाली में शनिवार को पब्लिक ने बैटरी चोर को रंगे हाथों पकड़ लिया और फिर जमकर खातिरदारी करने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी में प्रयुक्त होने वाले औजार बरामद किए हैं। क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की वारदातों से परेशान लोगों ने उसके बाद राहत की सांस ली। पिछले काफी दिनों से केवल बुलेट मोटर साइकिल की ही बैटरी चोरी हो रही थीं। शनिवार को गार्ड के शोर मचाने पर भीड़ ने सेक्टर- एक में रहने वाले पवन गुप्ता की बुलेट मोटर साइकिल से बैटरी चोरी करते एक शातिर को पकड़ लिया। कौशांबी थानाक्षेत्र के वैशाली सेक्टर-एक स्थित भवन संख्या- 158 में रहने वाले पवन गुप्ता ने बताया कि शनिवार को गार्ड ने उसे बुलेट से बैटरी चोरी करते देखकर शोर मचा दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर आ गए और चोर को रंगे हाथों पकड़कर धुन दिया। उसके बाद मौके से ही कॉल करके पुलिस को बुलाया गया। आरोपी ने पूछताछ के दौरान पुलिस को अपना नाम आसिफ बताया है। वह दिल्ली का रहने वाला है और अक्सर चोरी की वारदातों को अंजाम देने क्षेत्र में आता था।


## झोलाछाप के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने कराई एफआईआर

**गाजियाबाद।** खोड़ा थाना क्षेत्र में बगैर डिग्री और पंजीकरण के क्लीनिक चला रहे झोलाछाप के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने मुकदमा दर्ज कराया है। महिला की शिकायत पर बीते माह निरीक्षण के बाद विभाग ने क्लीनिक बंद कराया था। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में तैनात फर्जी चिकित्सकों पर कार्रवाई करने के लिए अधिकृत नोडल अधिकारी के अनुसार बीते दिनों एक महिला ने लोकप्रिय विहार खोड़ा में संचालित फैमिली हेल्थ केयर सेंटर पर 21 दिसंबर को छापा मारा था। इस दौरान वहां चिकित्सा का कार्य कर रहे आकिल खान ने खुद को चिकित्सक बताया था, लेकिन पंजीकरण और डिग्री नहीं दिखा पाया। दो दिन का समय दिया गया, लेकिन दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए, जिसके बाद क्लीनिक को बंद कराया। तीन जनवरी को नोडल अधिकारी की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## डॉ अमित कुमार ने राष्ट्रीय पक्षी दिवस पर अंगूठे की सहायता से सुंदर चिड़िया के चित्र बनाए

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** गंग नहर स्थित श्री हंस इंटर कॉलेज मुरादनगर के एनसीसी ऑफिसर व कला अध्यापक डॉ अमित कुमार ने राष्ट्रीय पक्षी दिवस पर अंगूठे की सहायता से सुंदर चिड़िया के चित्र बनाए हैं। जिसमें दो चिड़िया आपस में बातचीत करती प्रतीत हो रही है तथा तीसरी चिड़िया फूलों में से अपना भोजन खोज रही है। डॉ अमित कुमार ने वाटर कलर में अंगूठा लगाकर चिड़ियों के चित्र बनाएं तथा बाद में ब्रश की सहायता से उसको फाइनल रूप प्रदान किया। तथा चित्र में सूरज को एक नए सवेरे के रूप में दशार्या गया है। तथा हरे भरे पेड़ पौधों



को बनाकर प्रकृति प्रेम के प्रति जागरूक किया है। डॉ अमित कुमार ने बताया कि हर साल 5 जनवरी को राष्ट्रीय पक्षी दिवस मनाया जाता है। इस दिन पशु विज्ञानी देश के बंदी पक्षियों की देखभाल और भलाई पर ध्यान केंद्रित करते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए मैंने यह चिड़िया के चित्र बनाए हैं। डॉ अमित कुमार ने इस चित्र के माध्यम से समाज को पक्षियों को नुकसान न पहुंचाने तथा पक्षियों के प्रति प्रेम व संरक्षण का संदेश दिया है। तथा कहा कि हमें अपने घर व आस पास ऐसा हरा-भरा वातावरण बनाना चाहिए जिससे कि पक्षी ज्यादा से ज्यादा शरण ले सके तथा हम उनकी प्रजातियों को विलुप्त होने से बचा सके। चित्रकला के क्षेत्र में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कर चुके डॉक्टर अमित कुमार देश के विभिन्न महानगरों में अपनी पेंटिंग की प्रदर्शनी लगा चुके हैं। तथा पश्चिम उत्तर प्रदेश में अपनी पहचान एक प्रयोग धर्मी कलाकार के रूप में बना चुके हैं।

## गोवंश पालने हेतु करें सम्पर्क, मिलेगी प्रति गोवंश पर 1500 रुपए प्रतिमाह भरण पोषण की धनराशिः मुख्य पशु चिकित्साधिकारी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, गाजियाबाद, डा० एस०पी० पाण्डेय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए जानकारी दी कि जनपद में दिनांक 01.01.2025 से 31.01.2025 तक अभियान चलाकर मा० मुख्यमंत्री सहभागिता योजनान्तर्गत गो आश्रय स्थलों में संरक्षित निराश्रित / बेसहारा गोवंशो को इच्छुक पशुपालकों को सुपुर्द करने की कार्यवाही की जा रही है। कोई भी इच्छुक पशुपालक जिसके पास गोवंश पालने हेतु स्थान हो, योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु नजदीकी पशु चिकित्सालय अथवा विकास खण्ड कार्यालय / अधिशासी अधिकारी कार्यालय पर सम्पर्क कर सकता है एवं निर्धारित प्रारूप प्राप्त कर आवेदन कर सकता है। योजनान्तर्गत लाभार्थी अधिकतम 04 गोवंश प्राप्त कर सकता है। पशुपालक को एक गोवंश पर प्रतिमाह 1500 रुपए की दर से भरण-पोषण की धनराशि सीधे उसके बैंक खाते में डी०बी०टी० के माध्यम से उपलब्ध करायी जायेगी। सभी इच्छुक व्यक्ति गो आश्रय स्थल पर जाकर अपनी पसन्द के गोवश का टैग नम्बर नोट करें एवं प्राप्त करने के लिये अधिक से अधिक आवेदन कर योजना का लाभ उठायें।

## रक्षामंत्री से स्कूलों में प्रारम्भिक सैनिक प्रशिक्षण लागू करवाने का अनुरोध

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** शनिवार को राष्ट्रीय सैनिक संस्था के पदाधिकारियों का एक दल संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर चक्र प्राप्त कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी के नेतृत्व में रक्षामंत्री से मिला। नई दिल्ली स्थित रक्षा मंत्री के आवास पर हुई इस मुलाकात में राष्ट्रीय सैनिक संस्था ने राजनाथ सिंह को फरसा, शॉल और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। स्कूलों में प्रारंभिक सैनिक प्रशिक्षण दिए जाने के अनुरोध किया। इसके साथ ही उन्होंने कारगिल शहीद स्मारक पर अतिथि गृह का निर्माण करवाने का अनुरोध भी किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्नल तेजिंदर पाल त्यागी ने कहा कि राष्ट्रीय एकीकरण और चरित्र निर्माण के लिए सबसे अच्छा रास्ता ये है की हम हाई स्कूल लेवल पर छात्र छात्राओ को प्रारम्भिक सैनिक प्रशिक्षण दिलवाए जिसके लिए राष्ट्रीय सैनिक संस्था तत्पर भी है और सक्षम भी है। स्कूलों में प्रारंभिक सैनिक प्रशिक्षण दिए जाने की पैरवी सदैव राष्ट्रीय सैनिक संस्था ने की है। उनके अनुसार बच्चों को यदि शुरू से ही देश सेवा के लिए समर्पित रहने के लिए तैयार किया जाए तभी एक अच्छे और विकसित राष्ट्र निर्माण का सपना साकार हो सकता है। इसी क्रम में राष्ट्रीय सैनिक संस्था का एक प्रतिनिधि मंडल शनिवार को दिल्ली जाकर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मिला। संस्था के प्रतिनिधि मंडल ने रक्षामंत्री को बताया कि राष्ट्रीय सैनिक संस्था कारगिल शहीद स्मारक पर बेरोजगार युवकों को प्रारम्भिक सैनिक प्रशिक्षण देती है। इस प्रारम्भिक सैनिक प्रशिक्षण को स्कूलों में भी लागू किया जाये।



# राजनगर आरडब्ल्यूए ने शरद मोहत्सव धूमधाम से मनाया







वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद आर डब्ल्यू ए एन ए आई एम ए भवन में शरद महोत्सव बनाया इस अवसर पर आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष डीके गोयल आरडब्ल्यूए के सभी मेंबर द्वारा मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया। आई एम ए भवन में आर डब्लू ए द्वारा किए गए सभी कार्यक्रम सराहनीय एवं प्रशंसनीय रहे। मातृ शक्ति द्वारा भारतीय परिधान में जो प्रस्तुति कैटवॉक के रूप में दी गई अत्यंत सराहनीय रहे। भारतीय संस्कृति के परिधान का चयन करते हुए आरडब्ल्यूए द्वारा प्रस्तुति सराहनीय रही।





# नगर आयुक्त ने लगाई जोनल प्रभारियों की क्लास

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** टैक्स कलेक्शन की बढ़ोतरी के लिए प्रत्येक सप्ताह एक कैंप लगाकर प्रॉपर्टी टैक्स भरवाएं। इसके अलावा सभी डिफाल्टर्स को लगातार नोटिस भेजे जाएं।

लगातार नोटिस देने के बाद भी अगर कोई टैक्स नहीं भरता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए। इस संबंध में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं रहनी चाहिए। यह बातें शनिवार को नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने टैक्स कलेक्शन को लेकर सभी जोनल प्रभारी और समस्त कर अधीक्षकों के साथ विशेष बैठक के दौरान कहीं। नगर आयुक्त द्वारा लगातार शहर के विकास को लेकर निगम की आय बढ़ाने के लिए कार्य किया जा रहा है। नगर आयुक्त द्वारा सभी जोनल प्रभारियों को हाउस टैक्स कलेक्शन बढ़ोतरी के लिए कड़े निर्देश दिए। बड़े बकायेदारों को टारगेट करने के लिए भी कहा गया है। तीन माह में 31 मार्च तक नगर निगम टैक्स विभाग द्वारा 143 करोड़ की वसूली की जानी है। जिसके लिए कार्य योजना बनाई गई। मौके पर अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार और मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ संजीव सिन्हा उपस्थित रहे। नगर निगम टैक्स विभाग द्वारा आगामी सप्ताह में संपत्ति कर से छूटे हुए भावनाओं को टारगेट किया जाएगा। हाई राइज बिल्डिंग और उसमें स्थित फ्लैट जो संपत्ति कर से छूटे हुए हैं उन पर करांकन की कार्यवाही की जाएगी। नगर आयुक्त द्वारा 15 दिन के भीतर संपत्ति कर से छूटे हुए भवन फ्लैट की सूची मांगी गई है। सभी सुविधाएं मुहैया करने के बाद भी प्रभावपूर्ण रिजल्ट नहीं दे पा रहे जोनल प्रभारी, नगर आयुक्त द्वारा सख्त निर्देश जारी किए।

# नगर आयुक्त ने किया अस्थाई रैन बसेरों का औचक निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** शहर में कोई भी व्यक्ति खुले में नहीं सोना चाहिए। किसी भी दशा में कोई भी व्यक्ति खुले आसमान में न सोये।

यहां अलाव सहित, रात में रुकने और ठंड से बचने के लिए कंबल सहित पीने के पानी व शौचालय की भी व्यवस्था पुख्ता होनी चाहिए। आने वाले लोगों को प्रतिदिन एंट्री करनी होगी। यह बातें शनिवार को नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने रैन बसेरों का औचक निरीक्षण के दौरान कहीं। उन्होंने कहा हर जरूरतमंद को रैन बसेरों में अच्छी सुविधा दी जाए। इसे प्राथमिकता पर लेते हुए यह सुनिश्चित करना होगा कि सभी रैन बसेरों में पर्याप्त संख्या में बिस्तर व कंबल का इंतजाम हो। साफ-सफाई का भी पूरा ध्यान रखा जाए। साथ ही यदि किसी के पास भोजन की व्यवस्था नहीं है तो उसे भोजन भी उपलब्ध कराया जाए। एकाएक बढ़ती ठंड को देखते हुए नगर आयुक्त खुद प्रतिदिन दिन-रात रैन बसेरों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे है। साथ ही जरूरतमंदों को नगर आयुक्त द्वारा मौके पर कंबल वितरण भी किए गए। ठंड के बढ़ते कदम देखते हुए भ्रमण के दौरान नगर आयुक्त द्वारा अस्थाई रेन बसेरा में हीटर की संख्या बढ़ाने के लिए नजारत प्रभारी डॉक्टर अनुज कुमार सिंह को निर्देशित किया। मौके पर मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी व अन्य टीम उपस्थित रही।

**रैन बसेरों में ठण्ड से बचने के पर्याप्त संसाधन रखें जाएं**

नगर आयुक्त ने बताया नगर निगम द्वारा स्थाई रेन बसेरा के अलावा आवश्यकता को देखते हुए अस्थाई आश्रय स्थल भी बनाए गए हैं। जिनकी संख्या पहले 6 थी, जो कौशांबी बस अड्डा, पैसिफिक मॉल कौशांबी, रोडवेज बस अड्डा मोहन नगर, रेलवे स्टेशन साहिबाबाद, डबल टंकी मिजार्पुर, हापुड़ रोड, फ्लाईओवर के नीचे स्थापित है। मगर बढ़ती ठंड को देखते हुए और आवश्यकता को देखते हुए 1 अस्थाई रैन बसेरा रेलवे स्टेशन गाजियाबाद पर भी बनाया गया है। वर्तमान में 7 अस्थाई रैन बसेरे बने हुए हैं। सभी रेन बसेरों में हीटर की व्यवस्था है। बाहर अलाव की व्यवस्था भी प्रतिदिन कराई जा रही है। जिसका लाभ निराश्रितों को मिल रहा है। नगर आयुक्त द्वारा निरीक्षण के क्रम में रेलवे स्टेशन गाजियाबाद और रोडवेज बस अड्डा मोहन नगर के बाहर बने अस्थाई रैन बसेरे का जायजा लिया गया।

ठंड को देखते हुए हीटर की संख्या एक से बढ़कर दो करने के लिए भी निर्देशित किया। सभी अस्थाई रैन बसेरे के बाहर, सुरक्षा की दृष्टि से गार्ड भी है, पानी आपूर्ति के लिए पानी के टैंकर, मोबाइल टॉयलेट भी लगाए गए हैं। भ्रमण के दौरान रेलवे स्टेशन गाजियाबाद, बस अड्डा गाजियाबाद व अन्य सार्वजनिक स्थलों का जायजा रात्रि में नगर आयुक्त द्वारा लिया गया। जरूरतमंदों को मौके पर कंबल भी वितरित किए गए।

# ट्रैफिक पुलिस के एसआई को अज्ञात वाहन ने रौंदा, मौत

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** ट्रैफिक पुलिस के एसआई की दिल्ली में शुक्रवार देर रात सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस को मौके से नंबर प्लेट का टुकड़ा मिला है। हादसा टेल्को फ्लाईओवर पर शुक्रवार देर रात उस समय हुआ जब प्रदीप कुमार अपनी स्पलैंडर बाइक डीएल-7एस सीक्यू - 4062 पर सवार होकर आनंद विहार से गाजीपुर चौराहे की ओर जा रहे थे। दिल्ली के त्रिलोकपुरी इलाके में रहने वाले 47 वर्षीय प्रदीप कुमार को किसी अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। शुक्रवार रात 10 बजकर 35 मिनट पर सूचना पाकर दिल्ली पुलिस की पीसीआर मौके पर पहुंची। पुलिस को मौके से पीले रंग की नंबर प्लेट का टुकड़ा मिला है। पुलिस मान रही है कि किसी कमर्शियल वाहन ने एसआई को टक्कर मारी और फरार हो गया। मामले में दिल्ली के पटपडगंज इंडस्ट्रियल एरिया थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा- 281/ 106(1) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस टक्कर मारकर फरार होने वाहन को तलाश करने के प्रयास में जुटी है। एसआई प्रदीप कुमार की शुक्रवार को गाजियाबाद में हापुड़ चुंगी पर डयूटी थे।

## अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, उपचार के दौरान मौत

**गाजियाबाद।** मेरठ रोड पर एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। दिल्ली के अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इस मामले में मृतक के भाई ने नंदग्राम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में 112 शिकायतें में 10 का निस्तारण



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम के निर्देशन पर जनपद की तीनों तहसीलों लोनी, सदर एवं मोदीनगर में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। मोदीनगर तहसील में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया, इस दौरान 53 शिकायतें प्राप्त हुई और 4 का मौके पर निस्तारण किया गया। लोनी तहसील में एसडीएम राजेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें 35 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 2 शिकायतों का निस्तारण हुआ। सदर तहसील में एसडीएम अरूण दीक्षित की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, जिसमें 24 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 4 शिकायतों का निस्तारण हुआ। इस मौके पर सभी विभागों के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस प्रकार जनपद में सम्पूर्ण समाधान दिवस पर कुल 112 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें 10 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

# आर्किटेक्ट का स्वर्ण जयंती समारोह उड़ान-2 में 60 कंपनियों ने लगाई प्रदर्शनी

वेलकम इंडिया



कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने विभिन्न स्टालों पर जाकर निर्माण सामग्री के बारे में जानकारी प्राप्त की। आर्किटेक्ट नीरज त्यागी ने कहा कि इस तरह की प्रदर्शनी का आयोजन गाजियाबाद में होना गाजियाबाद के लिए एक गौरव की बात है। आर्किटेक्ट एसोसिएशन गाजियाबाद ने इस अवसर पर उत्तर प्रदेश आर्किटेक्ट्स एसोसिएशन की जीबीएम और ईसीएस का आयोजन किया, जिसमें राज्य के विभिन्न स्थानों से आए लगभग 100 से अधिक आर्किटेक्ट्स ने अपनी सहभागिता निभाई।

**गाजियाबाद।** कवि नगर रामलीला ग्राउंड में शनिवार को आर्किटेक्ट एसोसिएशन गाजियाबाद के स्वर्णिम जयंती समारोह उड़ान- 2 का उद्घाटन सांसद अतुल गर्ग द्वारा, संगठन की अध्यक्ष आर्किटेक्ट पूजा सारस्वत, सचिव आर्किटेक्ट हिमांशु गुप्ता, आर्किटेक्ट संदीप गोयल, आर्किटेक्ट रोहित अग्रवाल एवं सीनियर आर्किटेक्ट्स ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। सांसद अतुल गर्ग ने कहा पूरी दुनिया के बदलाव के तरीके में वास्तुकला ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हम इसे हर जगह, उच्च-बढ़ते गगनचुंबी इमारतों से पानी पर एक विशाल गिलास भवन तक देखते हैं, और यहां तक कि सभी के लिए आवास। हर दिन प्रकृति के साथ समन्वय में काम करता है जो कुछ नया और अभिनव कुछ देने के लिए एक चुनौती लाता है इन सभी चुनौतियों को पूरा करने वाले आर्किटेक्ट हैं जो दिन और रात काम करते हैं ताकि आने वाले दशकों तक आने वाले ढांचे को बाहर कर सकें। आर्किटेक्ट का काम होता है कि, वे बिल्डिंग की डिजाइन और उसका स्ट्रक्चर तैयार करते हैं। इसके साथ ही वे, निर्माण प्रक्रिया की निगरानी करते हैं। एक आर्किटेक्ट के तौर पर वे ऑफिस बिल्डिंग, व्यवसायों, स्टेडियमों, स्कूलों, मॉल और घरों जैसे डिजाइन का निर्माण करते हैं। इस अवसर पर उड़ान-2 में लगभग 60 कंपनियों ने जो बिल्डिंग मटेरियल से संबंधित है अपनी प्रदर्शनी लगाई। प्रदर्शनी रविवार 7:30 बजे तक समस्त जनता के लिए निशुल्क उपलब्ध है। इस प्रदर्शनी के दौरान आर्किटेक्ट एसोसिएशन गाजियाबाद ने एक स्केचिंग और ड्राइंग कंपटीशन के साथ-साथ विभिन्न वर्कशाप लगाई। जहां पर रंगारंग म्यूजिक एवं खान-पान के स्टाल भी लगे हुए हैं जो की जनता में आकर्षण का केंद्र है। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने किया।



# सुबह पीएम मोदी दिखाएंगे झंडी, शाम से 150 रुपये में मेरठ से दिल्ली का किराया

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार की सुबह नमो भारत कॉरिडोर के 13 किलोमीटर लंबे अतिरिक्त खंड का उद्घाटन करेंगे। इस खंड पर 5 जनवरी को शाम पांच बजे से यात्री परिचालन शुरू होगा। मेरठ, मोदीनगर और गाजियाबाद से दिल्ली और नोएडा जाने के लिए लोग नमो भारत ट्रेन का लाभ उठा सकेंगे। मेरठ साउथ से न्यू अशोक नगर (दिल्ली) तक का किराया 150 रुपये होगा। प्रीमियम क्लास में जाने वालों को 225 रुपये खर्च करने होंगे। मेरठ साउथ से आनंद विहार तक का टिकट 130 रुपये का होगा, जबकि प्रीमियम क्लास में मेरठ साउथ से आनंद विहार तक यात्रा करने के लिए 195 रुपये खर्च करने होंगे।

रविवार शाम से मेरठ साउथ से न्यू अशोक नगर तक आरआरटीएस कॉरिडोर ऑपरेशनल होने के बाद 55 किमी के इस रूट पर हर 15 मिनट में नमो भारत ट्रेन उपलब्ध होगी। इस सेक्शन पर परिचालन शुरू होने से मेरठ शहर अब नमो भारत के जरिए राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से सीधा जुड़ गया है। इससे यात्रा का समय एक तिहाई कम हो जाएगा, जिससे यात्री न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ की यात्रा सिर्फ 40 मिनट से कम समय में कर सकेंगे। साहिबाबाद और मेरठ साउथ के बीच 42 किमी के खंड पर संचालित नमो भारत ट्रेनों से अब तक 50 लाख से अधिक लोग यात्रा कर चुके हैं। दिल्ली में न्यू अशोक नगर से सराय काले खां और मेरठ में मेरठ साउथ से मोदीपुरम के बीच निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा है। नमो भारत परियोजना का मूलमंत्र मल्टी-मॉडल इंटीग्रेशन रहा है। पीएम गति शक्ति-राष्ट्रीय मास्टर प्लान के अनुरूप, इसका उद्देश्य यात्रियों के लिए यात्रा को सहज और सुविधाजनक बनाना है, जिससे सार्वजनिक परिवहन के पक्ष में मोडल शिफ्ट को बढ़ावा मिले।

# जिलाधिकारी ने किया माननीय प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण, दिये आवश्यक दिशा–निर्देश

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जनपद गाजियाबाद में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा यूपी गेट, नमो भारत स्टेशन साहिबाबाद सहित रोड मैप का औचक निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा इस मौके पर सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता, सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।





# जीडीए के प्रवर्तन दस्ते ने दो जोन क्षेत्रों में अवैध निर्माण के खिलाफ ध्वस्तीकरण

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) उपाध्यक्ष अतुल वत्स के निर्देशन में जीडीए के प्रवर्तन दस्ते ने दो जोन क्षेत्रों में अवैध निर्माण के खिलाफ ध्वस्तीकरण किया। जीडीए के बुलडोजर ने प्रवर्तन जोन- दो (मोदीनगर- मुरादनगर क्षेत्र) में चार अवैध कालोनियां और 12 अवैध दुकानें ध्वस्त कर दीं। इसके अलावा जीडीए के प्रवर्तन दस्ते ने जोन - तीन (डासना क्षेत्र) में 22 बीघा भूमि पर अवैध रूप से विकसित की जा रही है एक अवैध कालोनी को ध्वस्त कर दिया। दोनों जोन क्षेत्रों में ध्वस्तीकरण के दौरान स्थानीय लोगों और डेवलपर्स ने जीडीए की टीम का विरोध किया लेकिन पुलिस बल की मौजूदगी में अभियान को अंजाम दे दिया गया। प्रभारी प्रवर्तन जोन-2 के अंतर्गत ग्राम सीकरी कला, मोदीनगर (21000 वर्ग मीटर) में बुलाकी दास द्वारा विकसित कॉलोनी, अबूपुर मोदीनगर (8000 वर्ग मीटर) में मलिक जस्सर की कॉलोनी, अबूपुर मोदीनगर (12000 वर्ग मीटर) में कपिल चौधरी की कॉलोनी, अबूपुर मोदीनगर (10000 वर्ग मीटर) में कपिल त्यागी की कॉलोनी और दुर्गेश चौधरी की 12 अवैध दुकानों को प्रवर्तन दस्ते ने बुलडोजर की मदद से ध्वस्त कर दिया। शनिवार को चलाए गए ध्वस्तीकरण अभियान के अंतर्गत अनाधिकृत कॉलोनियों में भूखंडों की बाउंड्रीवाल, सड़क निर्माण, विद्युत पोल आदि का निर्माण अवैध रूप से किया जा रहा था, जिसे ध्वस्त कर दिया गया। जीडीए वीसी के निर्देशन और प्रभारी प्रवर्तन जोन- तीन के नेतृत्व शनिवार को शकील प्रधान द्वारा खसरा संख्या- 493, नहाल रोड़, डासना में लगभग 22 बीघा भूमि पर अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही कालोनी में भूखण्डों की बाउंड्रीवाल, सड़क, तीन साइट ऑफिस ध्वस्त कर दिए गए है। ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के समय स्थानीय डेवलपर्स के द्वारा प्रवर्तन दस्ते का विरोध किया गया।

